तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 105 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 15 जनवरी 2025 डाक 16 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं पर एक हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई



देश-विदेश

अयोध्या से सीधे जा पाएंगे हनुमान के जन्मस्थान श्रीराम जन्मभूमि से अंजनाद्रि तक रेल लाइन का प्रस्ताव

फीचर

ज्यादा मोबाइल देखने वालों के लिए बड़ी खबर, तुरंत बदलें ये आदत, वरना कार्डियोवैस्कुलर का खतरा



मोदी ने युद्धपोतों आईएनएस सूरत, नीलगिरि और वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया

मुंबई, 15 जनवरी [एजेंसी]।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन फ्रंटलाइन नौसैनिक युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिलेगी तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार सुबह घनघोर कोहरे के बीच दिल्ली से मुंबई पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों सूरत, नीलगिरि और वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन फ्रंटलाइन नौसैनिक युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिलेगी तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास बढ़ेगा।

तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक रूप से अग्रणी बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर परियोजना का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि, भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टील्थयुक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है। पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को अपनी मुंबई यात्रा के दौरान सत्ताधारी महायुति के विधायकों से मिलेंगे और उन्हें सुशासन का मंत्र देंगे। पीएम मोदी नौसेना डॉकयार्ड में दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी राष्ट्र को समर्पित करने के बाद नौसेना डॉकयार्ड में ही सत्ताधारी महायुति के विधायकों से मिलेंगे, जिसमें तीनों घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के विधायक शामिल होंगे। यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री जंगी जहाज आईएनएस आंग्रे में विधायकों से मुलाकात करेंगे।

सोनिया गांधी ने किया इंदिरा भवन का उद्घाटन, अब 9 कोटला रोड होगा कांग्रेस मुख्यालय का नया पता

नई दिल्ली, 15 जनवरी [एजेंसी]।

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने दिल्ली में नये पार्टी मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी भी मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही कांग्रेस के नये मुख्यालय को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। इसका नाम इंदिरा भवन से बदलकर सरदार मनमोहन सिंह भवन करने की मांग की जा रही है। पार्टी ऑफिस के बाहर की इससे जुड़ा एक पोस्टर लगाया गया है।

कांग्रेस मुख्यालय के नाम बदलने की मांग, कांग्रेस के नए दफ्तर के बाहर लगे सरदार मनमोहन सिंह भवन के पोस्टर

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने दिल्ली में नये पार्टी मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी भी मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही कांग्रेस के नये मुख्यालय को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। इसका नाम इंदिरा भवन से बदलकर सरदार मनमोहन सिंह भवन करने की मांग की जा रही है। पार्टी ऑफिस के बाहर की इससे जुड़ा एक पोस्टर लगाया गया है।

प्रयागराज-बरेली समेत यूपी के कई जिलों में बंद किए गए स्कूल, ठंड के कारण डीएम ने जारी किए आदेश

प्रयागराज, 15 जनवरी [एजेंसी]।

महाकुंभ में संगम स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। शासन-प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मकर संक्रांति पर करीब ढाई करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। परिवहन की सुविधा के मद्देनजर जनपद के 12वीं तक के सभी विद्यालय बुधवार को बंद रहेंगे। यह निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक की तरफ से जारी किया गया है। डीआइओएस पीएन सिंह ने बताया कि सभी बोर्ड के विद्यालयों पर यह आदेश लागू होगा।वहीं पूरे उत्तर प्रदेश में शीतकालीन अवकाश के बाद परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय बुधवार से खुलेंगे। बीते 31 दिसंबर से लेकर मंगलवार तक इन विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश था। ऐसे में अब फिर विद्यालयों में पढ़ाई शुरू होगी।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय समय पर खुलें और बंद हों।

स्कूलों का समय सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक है। वहीं ऐसे जिले जहां पर ज्यादा ठंड पड़ रही है, वहां मौसम के अनुसार स्थानीय स्तर पर विद्यालय बंद करने का निर्णय जिलाधिकारी करेंगे।अत्याधिक ठंड और कोहरे को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर जिले में संचालित कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यालय 15 जनवरी को बंद रहेंगे। जानकारी देते हुए बीएसए संजय सिंह ने बताया कि परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आइसीएसइ बोर्ड और मदरसा विद्यालयों पर भी यह आदेश लागू होगा।बदायूं में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का प्रकोप अभी थमता नहीं दिख रहा। ऐसे में बच्चों को सर्दी के सितम से बचाने के लिए स्कूलों की छुट्टियां बढ़ गई हैं। कक्षा एक से कक्षा आठवीं तक के स्कूल 17 जनवरी से खुलेंगे। डीएम निधि श्रीवास्तव के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। निर्देश दिए गए कि शीतलहर, ठंड व कोहरे के प्रकोप को देखते हुए कक्षा एक से आठवीं तक के सभी परिषदीय, सीबीएसई व आइसीएसई के स्कूल 15 व 16 जनवरी को बंद रहेंगे।जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार ने बताया कि सर्दी को देखते हुए कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यालय 18 जनवरी तक सुबह 10 बजे से तीन बजे तक संचालित होंगे। मुरादाबाद में इन दिनों सर्दी अपने चरम पर है। जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोग अपने घरों से निकलने में संकोच कर रहे हैं। पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं होते। अत्यधिक शीतलहर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए कक्षा आठवीं तक की छुट्टियां बढ़ाई गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कक्षा आठवीं तक के सभी शिक्षण संस्थान 16 जनवरी तक बंद रहेंगे। इससे पहले डीएम ने 14 जनवरी तक स्कूल बंद करने के आदेश दिए थे। रामपुर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। पूरे दिन कोहरा छाया रहा। धूप न निकलने के कारण ठंड और बढ़ गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कक्षा आठ तक के बच्चों के लिए आज अवकाश घोषित कर दिया है।मंगलवार को न्यूनतम तापमान आठ और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा था। पूरे दिन धूप निकली थी। इससे लोग काफी राहत महसूस कर रहे थे, लेकिन मंगलवार को मौसम फिर बदल गया। सुबह से शाम तक कोहरा छाया रहा। इससे ठंड बढ़ गई। घरों से बाहर निकलने पर लोग कंपकंपी महसूस करने लगे।इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा आठ तक के बच्चों का 15 जनवरी का अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डीएम के आदेश का पालन करने के लिए सभी बोर्ड से जुड़े स्कूलों से कहा गया है। बहजोई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शीतलहर के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15 और 16 जनवरी को नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के लोगों के ठहरने और उनके भोजन की निःशुल्क व्यवस्था

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में राज्य के स्थानीय लोगों के लिए छत्तीसगढ़ पवेलियन तैयार है। मुख्यमंत्री ने अपनी दूरदर्शी सोच से प्रयागराज में राज्य के लोगों के लिए ठहरने और भोजन करने की निःशुल्क व्यवस्था की है। कैसे पहुंचे छत्तीसगढ़ पवेलियन छत्तीसगढ़ के जो भी श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर 6 में स्थित है। यह ठीक बघाड़ा मेला के पास स्थित है जहां आने के लिए लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना है। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयाग है। सड़क अथवा हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

***पटना।** पशुपति पारस ने लालू प्रसाद को दिया निमंत्रण, आज के दही-चूड़ा भोज में होगा खेला?

मध्य प्रदेश में फिर मिली ड्रग्स की फैक्ट्री, संतरे के बगीचे में तैयार हो रहा था नशा

मंदसौर, 15 जनवरी [एजेंसी]।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के गरोठ के खेरखेड़ा गांव में सोमवार देर रात संतरे के बगीचे में चल रही सिंथेटिक ड्रग्स (एमडीएमए) की फैक्ट्री पकड़ी है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर 80 किलो कच्ची सामग्री व 7.5 लीटर केमिकल जब्त किया गया है।अधिकारियों का कहना है कि इस सामग्री से 50 किलो एमडीएमए ड्रग्स बन सकता था। फैक्ट्री लगभग दो माह से चल रही थी। इससे पहले आरोपित दूसरी जगह ड्रग्स बना रहा था। आरोपित के विरुद्ध नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।मध्य प्रदेश नारकोटिक्स उपायुक्त संजय कुमार ने बताया कि यहां पर एमडीएमए की फैक्ट्री चलने की सूचना मिली थी। संतरे के बगीचे के बीच सुनसान जगह पर बने मकान में चल रही फैक्ट्री से एमडीएमए ड्रग्स बनाने में उपयोग की जाने वाली मशीनरी, उपकरण और केमिकल जब्त किए गए हैं।आरोपित ने पूछताछ में यह भी बताया कि ड्रग्स बनाने के लिए आवश्यक केमिकल व अन्य सामग्री पास के खेत में गड़े हुए हैं। खोदाई कर यह सामग्री भी जब्त की गई।फैक्ट्री की तलाशी के दौरान एसीटोन, टोल्यूनि, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सोडियम सल्फेट, सोडियम कार्बोनेट, सल्फ्यूरिक एसिड, ब्रोमीन वाटर, इथेनाल आदि सामग्री-केमिकल जब्त किए गए हैं। एमडीएमए बनाने में उपयोग आने वाले यूवी कंट्रोलर, वैक्यूम ओवन, तराजू, टेस्ट-ट्यूब, फनल, पिपेट, बीकर, फ्लास्क, फिल्टर, स्टैंड, वाटर पंप, कैलीपर, तार, ड्रम, पाइप, बाल्टी, माप वाले मग, ग्लास, प्लेट आदि उपकरण और मशीनें भी जब्त की गईं।मंदसौर में क्लोरीन गैस रिसाव से हड़कंप, चपेट में आए 8 कर्मचारी, स्कूलों में की गई छुट्टीमंदसौर में क्लोरीन गैस रिसाव से हड़कंप, चपेट में आए 8 कर्मचारी, स्कूलों में की गई छुट्टी अफीम उत्पादक जिलों में से एक मंदसौर का एमडीएमए से संबंध पुराना है। जनवरी, 2021 में इंदौर क्राइम ब्रांच ने 70 किलो एमडीएमए ड्रग्स जब्त किया था, तब भी गरोठ के मूल निवासी दिनेश अग्रवाल व उसके पुत्र का नाम प्रमुख सप्तायरों में आया था। इसके बाद अक्टूबर, 2024 में भोपाल में भी एमडीएमए ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी गई थी।इसमें फैक्ट्री संचालक के रूप में मंदसौर जिले के हरीश आंजना, प्रेमसुख पाटीदार सहित राजस्थान के अखेपुर निवासी शोएब लाला का नाम भी आया था। अभी हरीश आंजना, प्रेमसुख पाटीदार भोपाल जेल में बंद हैं। शोएब लाला सहित अन्य आरोपित फरार हैं।



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल और सिसोदिया के खिलाफ चलेगा केस, ईडी को गृह मंत्रालय से मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 15 जनवरी [एजेंसी]।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग केस में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ताजा मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित सॉलिसिटा के लिए अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी दी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने बुधवार को यह जानकारी अपने सूत्रों के हवाले से दी है। मालूम हो कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले महीने एजेंसी को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। सीबीआई को अगस्त 2024 में आबकारी नीति से संबंधित समानांतर भ्रष्टाचार मामले में केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की मंजूरी मिली थी। ईडी ने जमानत पर बाहर चल रहे केजरीवाल को 21 मार्च, 2024 को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया और 17 मई को चार्जशीट में उनका नाम दर्ज किया था। दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल के सामने नई मुसीबत,

एलजी ने इस मामले में (ईडी)की मुकदमा चलाने की दी मंजूरी,चार्जशीट में दावा किया गया कि कुछ शराब व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए कथित तौर पर ली गई 100 करोड़ रुपये की रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये आम आदमी पार्टी (आप) के गोवा चुनाव अभियान के लिए इस्तेमाल किए गए।ईडी के मुताबिक, आप के राष्ट्रीय संयोजक और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में इसेमाल और जुटाए जा रहे पैसे के लिए केजरीवाल ही जिम्मेदार थे। ईडी ने गवाहों के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि केजरीवाल भी सक्रियपक्ष सदस्यों में से एक थे और शराब नीति के संबंध में निर्णय लेने में शामिल थे। ईडी ने केजरीवाल को आबकारी नीति से संबंधित घोटाले का सरगना कहा था। ईडी ने कहा था कि केजरीवाल, पूर्व डिप्टी मनीष सिसोदिया और पूर्व मीडिया प्रभारी विजय नायर ने अपने चुनावी फंडिंग के लिए 100 करोड़ की रिश्वत के अलावा अतिरिक्त पैसे मांगे थे।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

जमानत के बाद जोधपुर आश्रम पहुंचा आसाराम, समर्थकों ने फोड़े पटाखे

जयपुर। 2013 रेप मामले में राजस्थान हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद आसाराम अपने जोधपुर आश्रम में लौट आया। मंगलवार देर रात आरोग्य हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद वह अपने आश्रम पहुंचा।आसाराम का आश्रम जोधपुर के पाल गांव में है। अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ मौजूद थी। समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उसका स्वागत किया। आश्रम पहुंचने पर उसके सेवादारों ने आतिशबाजी की।जोधपुर के मनाई आश्रम में एक नाबालिग से रेप के बाद 2 सितंबर 2013 को आसाराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट उसे दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।जेल में 11 साल 4 महीने और 12 दिन गुजारने के बाद उसे मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत मिल गई। राजस्थान हाईकोर्ट ने उसकी उम्र और खराब स्वास्थ्य को देखते हुए 31 मार्च तक जमानत दे दी है। वकील निशांत बोरदा ने बताया कि बेल एप्लीकेशन में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का रेफरेंस दिया गया है, जिसमें अदालत ने गुजरात के किसी मामले में जमानत दी थी। हालांकि अंतरिम जमानत के साथ कोर्ट ने आसाराम पर कई पाबंदियां भी लगाई हैं।

अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम

अवैध धान की खरीदी रोकने, समय पर उठाव करने, टोकन का सत्यापन करने के दिए निर्देश

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने शासकीय योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे समय पर ऑफिस खोलने के साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाने और उपस्थिति संबंधित जानकारी समय पर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्य में लापरवाही पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों का आंकलन करते हुए कर्मचारियों का डेली डायरी बनवाकर विभाग प्रमुख को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को शासन के निर्धारित नियमों अनुसार कार्यालयों में उपस्थिति और आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में धान को अवैध खरीदी पर रोक लगाने और आने वाले दिनों में की जा रही धान खरीदी पर निगरानी रखते हुए कटे हुए टोकन का सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में समय पर धान का उठाव करने और स्टैकिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारदाने की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदन योजना की समीक्षा की और निर्देशित किया कि छूटे हुए परिवारों का इस सप्ताह कार्ड बन जाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कलेक्ट्रेट और तहसील में निलंबित कर्मचारियों, पटवारियों के विभागीय जाँच प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश देते हुए कोरबा अनुभाग को छोड़कर अन्य अनुविभाग

को मार्च अंतिम सप्ताह तक वंचित विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भवनविहीन ग्राम पंचायत भवन, पुराने जर्जर भवनों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराने वाहनों को नीलामी करने, स्क्रैप वाहनों की जानकारी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा निर्धारित समय सीमा पूर्ण कर चुके पुराने वाहनों को नीलाम किया जा चुका हैं वे शासन को नए शासकीय वाहन के लिए पत्र प्रेषित करें। जिन्होंने नीलामी प्रक्रिया नहीं अपनाई है उन विभागों को नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय सामजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत सभी हितग्राहियों के आधार सीडिंग, मोबाइल नम्बर एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक समाज कल्याण और सभी जनपद सीईओ को 15 दिवस के भीतर जानकारी पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बार-बार भौतिक सत्यापन में अनुपस्थित रहने पर संबंधित हितग्राहियों का पेंशन रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में अंडर पास निर्माण, स्कूलों में किचन शेड,टॉयलेट निर्माण, सखी वन स्टॉप सेंटर,खिरटी में माध्यमिक शाला, करईनारा में पुलिया,झोराघाट पुल में अप्रोच रोड़, दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न की व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में लिफ्ट रिपेयरिंग, विद्युत विहीन ग्रामीण बसाहटों में विद्युतीकरण, चैतुरगढ़ में बिजली पहुचाने के सम्बंध में निर्देश दिए। उन्होंने जनपद अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरबा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत डोकरमना में विकास कार्यों की राशि में की गड़बड़ी के मामलों में सरपंच और सचिव से वसूली के निर्देश दिए।

पाली महोत्सव की तैयारी हेतु जनप्रतिनिधियों की बैठक आज

कोरबा। कोरबा जिला में विगत वर्श की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन पाली महोत्सव ग्राउंड केराझरिया में किया जायेगा।

पाली महोत्सव की आवश्यक तैयारी हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक 15 जनवरी को शाम चार बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

छेरछेरा मांगने निकले व्यक्ति की खून से लथपथ मिली लाश

कोरबा । कोरबा जिले में पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीमार में छेरछेरा मांगने निकले 40 वर्षीय कल्याण सिंह की लाश दूसरे ग्रामीण के घर में रक्तरंजित हालत में मिली। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक जांच उपरां पुलिस ने हत्या का मामला प्रतीत होने आशंका जताई हैं। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य फॉरेंसिक लैब भेज दिए हैं।

घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही हैं है, जब कल्याण सिंह छेरछेरा मांगने के लिए अपने घर से निकले थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर उनके परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। बाद में पता चला कि उनकी लाश ग्राम के ही एक ग्रामीण के घर में पड़ी हुई है। परिजनों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पोल को मौके से एक डंडा बरामद हुआ है और खाट पर भी खून के निशान मिले हैं। सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट की टीम में प्रभारी अधिकारी डॉ. सत्यजीत सिंह कोसरिया, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. राजश्री सिंह, महिला आरक्षक रूबिना बेगम और आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा शामिल थे। पुलिस को प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर फॉरेंसिक लैब भेज दिए हैं।पूछताछ में ग्रामीण ने बताया कि घटना के समय वह घर पर खाना बना रहा था और उसकी पत्नी ग्राम में छेरछेरा मांगने गई हुई थी। परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिक्षा,स्वास्थ्य, संस्कृति और समाज के विकास में हो रहा है काम : मंत्री केदार कश्यप

कोरबा । वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन,कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री केदार कश्यप आज कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवपहरी में गौ मुखी सेवाधाम द्वारा आयोजित तिल लाडू ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग और जलसंसाधन विभाग के अंतर्गत लाखो रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार विकास कार्यों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है। आज हुए शिलान्यास और भूमिपूजन से इस क्षेत्र में नए कार्यों की सौगात मिल रही है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने तिल लाडू कप के आयोजन स्थल पर कहा कि गौ मुखी सेवा धाम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। शिक्षा से जोड़कर उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। संस्कृति से जोड़ते हुए समाज के विकास में जोड़ने की दिशा में कार्य

किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमे अपने पूर्वजों के दिखाए हुए रास्ते में चलना चाहिए। उन्होंने संस्था के कार्य को सराहते हुए सहयोग करने की बात कही। इस दौरान मंत्री श्री कश्यप ने रस्साकशी,कबड्डी, तीरंदाजी के विजेताओं का सम्मान किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

देवपहरी में वन विभाग अंतर्गत पाँच करोड़ 89 लाख के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया गया। जिसमें कोरबा, केंदई, पसरखेत,जटगा,चैतमा,करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन मार्ग,रपटा, जल स्त्रोत, पुलिया,वॉच टॉवर,आवास निर्माण सहित वन्य जीव संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य आदि शामिल है। इसी तरह जलसंसाधन विभाग अंतर्गत 17 काय, 7633.62 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, संस्था के पदाधिकारी और जलसंसाधन विभाग, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं : कलेक्टर अजीत वसंत

अप्रैल माह तक सभी आवासों को करें पूर्ण

जनपद सीईओ की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्व जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि प्रधान मंत्री आवास निर्माण के कार्यों में गति लावे तथा प्रधान मंत्री आवास निर्माण के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। प्रधानमंत्री आवास निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा आवास निर्माण पूर्ण किए जाएं जिनका ग्रामीण हितग्राहियों को लाभ मिल सके। उन्होने निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत सभी आवासों के निर्माण कार्य अभियान चलाकर एक सप्ताह में प्रारंभ किए जाएं। पात्र हितग्राहियों के कोई भी आवास अपूर्ण न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सीईओ जनपद स्तर पर आवास के निर्माण कार्यों की लगातार समीक्षा करें। इसके साथ ही मैदानी अमला सब

इंजीनियर्स, तकनीकी सहायक,करारोपण अधिकारी, विकास विस्तार अधिकारी ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र आदि आवास के सभी नोडल अधिकारी फील्ड का सतत दौरा करके, ज्यादा से ज्यादा आवास निर्माण पूर्ण कराएं। इसके साथ ही ग्रामीण हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित भी करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपद पंचायत सीईओ मैदानी अमले के कार्यों की मॉनिटरिंग करके प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीणों के कच्चे मिट्टी के मकानों को पक्का आवास निर्माण करना निश्चित ही जनकल्याणकारी कार्य है इसलिए जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत का अमला अपनी पूरी क्षमता के साथ आवासों का निर्माण पूर्ण कराएं।

जिले में स्वीकृत सभी ग्रामीण आवासों को अप्रैल माह तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए ताकि ग्रामीणों को पक्के आवासों का लाभ हितग्राहियों को शीघ्र ही मिल सके। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत विभिन्न कारणों जैसे मृत्यु होने पर, पलायन करने आदि की वजह से अपात्र हितग्राहियों के नाम प्रतीक्षा सूची से हटाने की कार्यवाही करें। आवास के फंड ट्रांसफर ऑर्डर में आए अंतराल को एक सप्ताह में पूर्ण करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

मनाली से लौट रहें दो युवतियों की सड़क हादसे में मौत

कोरबा। कोरबा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवतियों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बिलासपुर से कटघोरा जाने वाले नेशनल हाईवे पर हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और सड़क के नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

मनाली से लौट रहे थे घूमकर

जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त कार में तीन लोग सवार थे, जो मनाली से घूमकर लौट रहे थे। वे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अपनी कार में कोरबा की ओर जा रहे थे। डिवाइडर से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वही गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस के जरिए कटघोरा अस्पताल पहुंचाया गया।

पाली थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

यह दुर्घटना पाली थाना क्षेत्र के चैतमा के पास स्थित एक डिपोजल फैक्ट्री के नजदीक हुई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना की वजह जानने के लिए गाड़ी का निरीक्षण किया और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और ड्राइवर का कार पर से नियंत्रण खोना बताया जा रहा है।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने लोगों से सुरक्षित और सतर्क होकर वाहन चलाने की अपील की है।

एनटीपीसी में मनाया गया आनंद मेला

कोरबा। एनटीपीसी कोरबा में 12 और 13 जनवरी को आनंद मेला भव्यता के साथ मनाया गया, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक भावना का अद्भुत संगम था। इस आयोजन का उद्घाटन 12 जनवरी 2025 को निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गयाः

अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक, लारा, और श्रीमती अनुराधा शर्मा, अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति। विजय कृष्ण पांडे, मुख्य महाप्रबंधक, सीपत, और श्रीमती साधना पांडे, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति। राजीव खन्ना, बीयूएच, कोरबा, और श्रीमती रोली खन्ना, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति। एम.के. बेबी, परियोजना प्रमुख, एनजीएसएल, और श्रीमती सिबी बेबी। एम.एस. श्रीनिवासन, क्वालिटी चैंपियन , और प्रेमदास टी., वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता उद्घाटन समारोह में रिबन काटना, गणेश पूजा, दीप प्रज्वलन, केक काटना, और गुब्बारे छोड़ना शामिल था। विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक कोसा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।आयोजन की मुख्य विशेषताएंआनंद मेला 2025 ने सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करने वाले मनोरंजक कार्यक्रमों और प्रदर्शनों की एक झलक प्रस्तुत की- स्टॉल और प्रदर्शनियां80 से अधिक विविध स्टॉलों के एक समृद्ध बाजार ने सभी के

लिए कुछ न कुछ प्रस्तुत किया। फूड और गेम स्टॉल ने मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। टाउनशिप स्कूलों ने अपनी अभिनव पहलों का प्रदर्शन किया। मैत्री महिला समिति और बाल भवन द्वारा संचालित सीएसआर और कल्याणकारी स्टॉल ने सामुदायिक प्रयासों को उजागर किया। की समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाने वाले एक समर्पित मेडिकल स्टॉल और संबंधित प्रदर्शनियां भी आयोजित की गईं।सांस्कृतिक प्रस्तुतियांमेला का मुख्य आकर्षण भारत की लोक धरोहर का शानदार उत्सव था। बिहु, भांगड़ा, कश्मीरी, लावणी और छत्तीसगढ़ी जैसे पारंपरिक नृत्यों ने मंच को जीवंत कर दिया। भारत के लोक नृत्य विषय को क्रिएटिव सेल्फी प्वाइंट्स और पारंपरिक छत्तीसगढ़ की झलकियों के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। विशेष पहलसामाजिक कल्याण के प्रति की प्रतिबद्धता कृत्रिम अंगों के वितरण के रूप में देखी गई, जिसने कई चेहरों पर मुस्कान ला दी। इसके अलावा, मेहनतकश सहायक कर्मचारियों को आभार स्वरूप उपहार भेंट किए गए।दूसरे दिन का रोमांच आंतरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रोमांचक रैफल ड्रॉ और एक जीवंत तंबोला नाइट के साथ जारी रहा, जिसने सभी के लिए आनंद से भरे पल सुनिश्चित किए। उत्सव के दौरान स्टॉलों ने भी उत्साही भीड़ को आकर्षित किया।आनंद मेला 2025 संस्कृति, सामुदायिक भावना और उत्सव का अद्भुत संगम था। इस आयोजन ने न केवल भारत की असाधारण धरोहर को प्रस्तुत किया बल्कि सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए की अटूट प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ किया। यह एक अविस्मरणीय अनुभव था, जिसने सभी उपस्थित लोगों को खुशहाल

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में अंतर्क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

कोरबा । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित अंतर्क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 10 रीजन की क्रिकेट टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मैच मड़वा और रायपुर सेन्ट्रल के बीच खेला गया, जिसमें मड़वा की टीम ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच सी.एस. पटेल ने शानदार पारी खेलते हुए 48 रन बनाए और तीन ओवर में 11 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजीव कंसल और कार्यपालक निदेशक (प्रशिक्षण) एस.के. बंजारा उपस्थित थे। श्री कंसल ने अपने उद्बोधन में दोनों टीमों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट बेट्स मैन का खिताब रायपुर सेन्ट्रल के विश्वास वैष्णव, बेस्ट बॉलर रायपुर रीजन के गुलशन रंगारी, बेस्ट फिल्डर मड़वा के सीएस पटेल, बेस्ट विकेट कीपर विजय डहरिया, प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट रायपुर सेन्ट्रल के रोहित वर्मा को दिया गया।

जिले में अंतरक्षेत्रीय हॉकी स्पर्धा का हुआ आगाज

कोरबा । कोरबा-पश्चिम गेवरा स्टेडियम में एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय हॉकी स्पर्धा शुरुआत हुई। जिसकी मेजबानी गेवरा एरिया कर रही है। पहले मैच में गेवरा की हॉकी टीम ने हसदेव एरिया को 5-0 के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत हासिल की है। प्रतियोगिता में कुल 17 टीमें हॉकी स्पर्धा में भाग ले रही है। गेवरा एरिया के हॉकी टीम की जीत में कप्तान अरविंद सिंह ने दो गोल, रवि महानंदा, प्रवीण और विनीत पटेल ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में अपना योगदान दिया। स्पर्धा में भाग लेने वाली 17 टीमों में गेवरा, दीपका, हसदेव, जमुना-कोतमा, सीईडब्ल्यूएस कोरबा, विश्रामपुर, चिरमिरी, दानकुनी, रायगढ़ और सीडब्ल्यूएस गेवरा शामिल हैं।

अहिल्याबाई होलकर जयंती त्रिशताब्दी पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

कोरबा द्य लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गोविंद माधव उपाध्याय कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना कमला नेहरू महाविद्यालय व वक्ता के रूप में निक्की गोविंद उपाध्याय सदस्य पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर रही। निक्की गोविंद उपाध्याय ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को उनके न्यायप्रियता, कर्तृत्व के लिए जाना जाता है।अखंड भारत के कुल 300 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया गया। मुख्य रूप से उत्तरप्रदेश में काशी विश्वनाथ, गुजरात में सोमनाथ, मध्यप्रदेश में महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, महाराष्ट्र से भीमाशंकर, कर्नाटक में गोकर्ण मंदिर, अयोध्या के प्रभु श्री राम जी के मंदिर का भी निर्माण करवाया था। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने कुआं, नलकूप, बावडिय़ों, आश्रय स्थल, अतिथि गृह, विश्राम गृहों आदि का निर्माण करवाया। निक्की गोविंद उपाध्याय ने कहा कि अहिल्याबाई ने शासन संचालन में छोटी-छोटी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी। उनके जीवन का एक-एक अध्याय इतना प्रेरक होता है कि आने वाली पीढ़ियों को उनसे सीख मिलती रहेगी। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए विश्व कल्याण करने का संकल्प लें। महारानी अहिल्याबाई होल्कर को उनकी 300वीं जन्म-जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पर आधारित एक गीत का वाचन किया। गोविंद माधव उपाध्याय ने कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक हैं, उन्होंने सनातन के सोए हुए स्व का जागरण कराया। महिला सशक्तिकरण पर किए गए कार्य आज भी प्रासंगिक हैं। महिला उत्थान के लिए विधवा सम्मान, विधवा पुनर्विवाह, वस्त्र उद्योग में भी किए गए उनके कार्य अविस्मरणीय रहेंगे।उनके द्वारा किए गए कार्य दिग दिगंत काल तक याद किए जाएंगे। उन्होंने बड़े रोचक ढंग से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर से जुड़े हुए दृष्टांतों को विद्यार्थियों से साझा किया। अहिल्याबाई होलकर ने एक छोटे से गांव इंदौर को एक समृद्ध एवं विकसित शहर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने यहां पर सडक़ों की दशा सुधारने, गरीबों और भूखों के लिए खाने की व्यवस्था करने के साथ-साथ शिक्षा पर भी काफी जोर दिया। अहिल्याबाई की बदौलत ही आज इंदौर की पहचान भारत के समृद्ध एवं विकसित शहरों में होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य रानी दुबे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र साहू व्याख्याता, आर.के. साहू, एस.एस. बर्मन, आर.पी. सिदार प्रधान पाठक, एम.के. राजे, आर.के. कश्यप, डी.एस. राजपूत, सुशांत राउत, प्रवीण चौबे, विशाखा पाठक, सरोज केसरी भगत, कुसुम लता चंद्रा, माधुरी मिश्रा, रेखा सोनी, अंजना किशोरी भगत, सुनीता लकड़ा, पवन श्रीवास, पी.एल. यादव, कमलेश मार्बल, इतवार सिंह, नूतन केवट, बुधवार के साथ कार्यक्रम में कुल 345 की संख्या रही। वक्ताओं का सम्मान शाल श्रीफल के द्वारा एम.के. राजे एवं जितेंद्र साहू, विशाखा पाठक के द्वारा किया गया।

छत्तीसगढ़ में चिटफंड पार्ट-2 हजारों करोड़ की लूट पर सरकार मौन : डॉ. चरणदास महंत

कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदेश की हजारों गरीब महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी की राशि वापस करने एवं निवेश के नाम पर बैंकों से दिलवाए गए ऋण को माफ करने के संबंध में पत्र लिखा है। प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा हैं कि भाजपा राज में यह चिटफंड पार्ट-2 है, भाजपा की पिछली सरकार में भी प्रदेश के आम गरीब जनों के करोड़ों रुपए चित फंड के नाम पर लूट गए थे। जिसे कांग्रेस की सरकार ने कुछ हद तक गरीबों के रूपये लौटने का कार्य किया था। वर्ष 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से चिटफंड कंपनियां सक्रिय हो गई है। गरीब, पढ़े लिखें युवा महिलाओ से मात्र 1 वर्ष में ही हजारों करोड़ों की धोखाधड़ी हो गयी है। लूटी गयी जनता परेशान है, भाजपा सरकार मौन है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र के बैंकों से लोन दिलाने और दिए गए ऋण की राशि को अपनी कम्पनियों में निवेश करवाने के नाम पर प्रदेश के कोरबा, जांजगीर, बालोद समेत छत्तीसगढ़ के 10-12 जिलों की लगभग 40 हजार महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगार युवकों से हजारों करोड़ रूपये से अधिक की ठगी कोरबा की फ्लोरा मैक्स कंपनी और बालोद की सप्तऋषि संस्थान सहित सैकड़ो गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियो द्वारा महिलाओं को भरोसा भी दिलाया गया था, कि लोन की किश्त की राशि कंपनी द्वारा भुगतान की जाएगी। उगी द्वारा शुरूआती किश्त की राशि जमा की गई तथा ऋण धारक महिलाओं का सिविल स्कोर बेहतर दिखाकर सभी महिलाओं के नाम 11 निजी क्षेत्र के बैंकों से ज्यादा राशि का लोन लेकर कंपनी मे इन्वेस्ट करवाया गया तथा कंपनियो के कार्यालय बंद कर कंपनी संचालक फरार हो गए हैं। बैंकों से लिए गए ऋण जमा करने हेतु लोन धारक महिलाओं को लगातार नोटिस दिया जा रहा है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार राज्य सरकार का यह संवैधानिक उत्तरदायित्व है कि वह जनता के दुर्बल वर्गों के विशिष्टता अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितो की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करे और सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से उनकी रक्षा करे। परंतु सरकार द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर गरीब महिलाओं के आर्थिक हितों की रक्षा करने मे विफल रहने के कारण, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा के चतुर्थ सत्र में 17 दिसंबर को स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से समाधानकारक कार्यवाही प्रतिवेदन नहीं किया गया

धान खरीदी में गड़बड़ी, जांच में असली सच सामने आने पर भी कार्रवाई नहीं

जांजगीर-चांपा। जिले में समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी गड़बड़ी व अनियमितता रोकने के तमाम प्रयासों के बावजूद किसान ना केवल परेशान हो रहे है, बल्कि उनके पसीने की कमाई पर डाका डालने का काम भी हो रहा है। हद तो तब हो जाती है जब शिकायत पर से हुई जांच में मिली खामियों के बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं होती। ताजा मामला अकलतरा ब्लाक के कोटगढ़ धान खरीदी केन्द्र का है। यहां जांच में निर्धारित मात्रा में बेवजह परेशान करने की बात सामने आई। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं हुई है।

गौरतलब है कि अकलतरा ब्लाक अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र कोटगढ़ में किसानों ने वहां खरीदी में निर्धारित मात्रा से अधिक धान लेने सहित अन्य शिकायतें की थी। कलेक्टर के दिए गए हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र में किसानों ने बताया था कि कोटगढ़ खरीदी केन्द्र में 40 की जगह 41 और 42 किलो तक धान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं तौल पत्रक देने के समय किसानों से 4 से 5 बोरी धान अतिरिक्त लिया जाता था। इसके लिए उन्होंने निर्धारित मात्रा से 4-5 बोरी कम का तौल पत्रक देने का नया तरीका निकाल लिया था। इस शिकायत पर उप पंजीयक सेवा सहकारी संस्थाएं के यहां से सहायक विस्तार अधिकारी के साथ एक टीम जांच के लिए 8 जनवरी को कोटगढ़ पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने किसानों के बयान लिए। बताया जाता है कि बयान में किसानों ने केन्द्र प्रभारी पर अतिरिक्त धान लेने सहित गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद मौके पर तौल किए गए

धान का फिर से तौल कराया गया, उसमें भी निर्धारित मात्रा से अधिक धान मिला। पूरी कार्रवाई का पंचनामा रिपोर्ट तैयार किया गया। इसके बाद प्रतिवेदन देने के उपरांत कार्रवाई की बात कही गई, लेकिन सप्ताह भर बीत गए और कार्रवाई का कही कोई अता पता नहीं है।

लुट रहे किसान बेपरवाह प्रशासन

जीरो टारलेंस का टारगेट लेकर चल रहे। प्रदेश के मुख्यमंत्री यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के साथ किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने के सख्त निर्देश अफसरों को दिए हैं। बावजूद इसके कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में धान खरीदी की बदतर व्यवस्था से ना केवल कसान परेशान हो रहे है, बल्कि उनसे अधिक धान भी लिया जा रहा है। इसके अलावा बारदाना पाने से लेकर तौल तथा तौल पत्रक पाने व राशि आहरण तक उन्हें अपनी जेबे दीली करनी पड़ती है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए है।

किसान हो रहे प्रताड़ित

कोटगढ़ धान खरीदी केन्द्र में निर्धारित मात्रा से अधिक धान लेने और तौल पत्रक देने के समय 4-5 बोरी धान कम करके पत्रक देने की शिकायत करने वाले किसान अब प्रताड़ित हो रहे है। शिकायत करता किसानों ने बताया कि जांच टीम के सामने जिन्होंने भी इसकी गड़बड़ी उजागर की थी, वे समी अब निशाने पर है। उनका धान यदि आ रहा है तो उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इतना ही नहीं इसकी आड़ में बाकी किसानों से भी खरीदी सही तरीके से होने की बात कागज में लिखवाकर हस्ताक्षर ली जा रही है। किसनों ने बताया कि कार्रवाई नहीं होने पर हौसले बुलंद होते जा रहे है और किसान प्रताड़ित हो रहे है।

कार्यालयों का अचानक निरीक्षण कर डीएम आकाश ने दी उपयोगी सीख

जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता पर जोर देते हुए कहा कि समय पर उपस्थिति और कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर, कृषि विभाग और अन्य कई कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच भी की और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों और कार्यालयीन समय के दौरान अनिवार्य रूप से कार्य में व्यस्त रहें।

इस मौके पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर छिकारा के निर्देशों के तहत एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा ने जल संसाधन विभाग, एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल ने अकलतरा तहसील कार्यालय, और डिप्टी कलेक्टर सुमित बघेल ने शिक्षा विभाग सहित विभिन्न अन्य विभागों का निरीक्षण किया। सभी विभागों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही, जिले के जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में राष्ट्रगान का आयोजन भी किया गया, जिससे कर्मचारियों में राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिला।

परमेश्वरी यज्ञ महापुराण पूजा 18 से 25 तक, शोभायात्रा के साथ होगा विसर्जन

बिर्रा। देवांगन धर्मशाला में माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण के लिए कलश व माता परमेश्वरी मूर्ति स्थापना 18 जनवरी को होगी। विसर्जन 25 जनवरी को होगा। कथा वाचक श्रीकिशन राव होंगे। कथा दोपहर 2.30 बजे से सुनाई जाएगी। महाआरती 7 बजे व भंडारा का आयोजन रात 8 बजे होगा। पहले दिन मूर्ति स्थापना व पूजन कथा परिचय से शुरू होगा। 19 जनवरी श्रृष्टि उत्पत्ति कथा व देवी उत्पत्ति कथा, 20 जनवरी को विवाह कथा, 21 जनवरी को गोत्र उत्पत्ति कथा व वस्त्र निर्माण कथा, 22 जनवरी को गर्भ चरित्र कथा, महिषासुर जन्म व वध कथा, 23 जनवरी को डबकी मंझली की कथा होगी।

नवागढ़ पुलिस ने जुआ खेलने वाले 4 जुआरियों को धरदबोचा

जांजगीर। जिले की नवागढ़ पुलिस ने जुआ खेलने वाले 4 जुआरियों को धरदबोचा है। पुलिस अधीक्षक जांजगीर विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन पर जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जांजगीर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना नवागढ़ प्रभारी निरी. भास्कर शर्मा के नेतृत्व में थाना नवागढ़ क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग/रात्रि गश्त की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना नवागढ़ क्षेत्र में चार लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध छ ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्यवाही किया गया है।

सीएमओ ने कचरा कलेक्शन का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

शिवरीनारायण। शिवरीनारायण नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश साहू रोज सुबह नगर का भ्रमण कर साफ-सफाई, मणिकंचन केंद्र, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे। बता दें डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले मणिकंचन केंद्र में कार्यरत स्व-सहायता समूह की स्वच्छता दीदियों को 7200 रुपए मासिक मानदेय के साथ उनके आए में बढ़ोतरी के लिए घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को बेचकर एवं गीले कचरे से खाद निर्माण कर विक्रय कर आय में वृद्धि करने पहल की गई है। समस्त स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनका हेल्थ चेकअप प्रति सप्ताह मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से कराया जा रहा है। शासन द्वारा टोल फ्री नंबर निदान 1100 साफ-सफाई, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों और समस्त शिकायतों को दूर करने के लिए जारी की गई है। जिसके माध्यम से समस्त नागरिक अपने नगर और वार्डों की समस्याओं को घर बैठे निराकृत करा सकते हैं। सड़क की सफाई करतीं हुई स्वच्छता दीदी।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में आयोजन

जांजगीर चाम्पा । ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जौंजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनाँक-11 जनवरी 2025 को ''राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया गया।

इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि भारत में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन् 1984 ईस्वी को अंतर्राष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया। इसके महत्व पर विचार करते हुए भारत सरकार ने घोषणा की कि सन् 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानंद जयंती का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाये। इस दिन देशभर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तरह-तरह के कार्यक्रम होते हैं, रैलियाँ निकाली जाती हैं, योगासन की स्पर्धा आयोजित की जाती है, पूजा-पाठ होता है, व्याख्यान होते हैं, विवेकानंद साहित्य की प्रदर्शनी लगती है।

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के महत्व के संबंध में आगे बताया गया कि वास्तव में स्वामी विवेकानंद आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि है। विशेषकर भारतीय युवकों के लिए स्वामी विवेकानंद से बढ़कर दूसरा कोई नेता नहीं हो सकता। उन्होंने हमें कुछ ऐसी वस्तु दी है, जो हमें अपनी उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त परम्परा के प्रति एक प्रकार का अभिमान जगा

देती है। भारत की युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानंद से निःसृत होने वाले ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्त्रोत से आप्लावित होती है। तत्पश्चात् राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कक्षावार विभिन्न गतिविधि आयोजित करायी गयी। जिसमें बाल-वाटिका वर्ग में पतंग बनाओ गतिविधि, कक्षा-तीसरी से पांचवी वर्ग में फसलों के त्योहार के संदर्भ में चित्रकला गतिविधि, कक्षा-छठवीं से बारहवीं वर्ग में स्वतंत्रता सेनानी के संदर्भ में चित्रकला गतिविधि आयोजित की गई। इन गतिविधियों में प्रतिभागी बनकर समस्त विद्यार्थी उत्साहित नज़र आये। सम्पूर्ण गतिविधि के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, एडमिन स्टॉफ एवं ग्राउंड लेवल स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

जिला सहकारी बैंक में चोरी का प्रयास, बाइक व सामान छोड़कर भागे आरोपी

नवागढ। जिला सहकारी बैंक नवागढ में चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर जांच पडताल की जा रही है। वही डाग स्कवायड टीम की मदद भी ली जा रही है। अज्ञात चोर बोरी लेकर बैंक अंदर घुसे थे। वहीं भागने के चक्कर में अपनी बाइक और अन्य सामान छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 13 जनवरी की दरमियानी रात दो अज्ञात चोर नवागढ के जिला सहकारी बैंक मे चोरी करने के लिए अंदर घुसे। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोर बैंक में रखे नगदी रकम को ले जाने के उद्देश्य से दो बोरी को लेकर गए थे। इनकी भनक लगते ही रात के समय अपनी सेवा दे रहे सुरक्षाकर्मी सुनील बैंक की छत से कुदकर सीधे नवागढ थाने पहुंच गया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही नवागढ पुलिस टीम तत्काल मौक पर पहुंच गई। इधर पुलिस के आने के पहले आरोपी वहां से भाग निकले। बताया जाता है कि भागने के चक्कर में वे पेचकस और अपनी मोटर सायकल भी वहीं छोड़ दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक परिसर का मुआयना किया और तत्काल डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई। बताया जाता है कि आरोपी अपने साथ बोरी लेकर आए थे और वे बैंक में चोरी करने की नियत से पेचकस और अन्य सामानों के साथ हथियार से लैस थे। ऐसी स्थिति में सुरक्षाकर्मी ने भनक लगते ही तत्काल पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी और मौके पर पुलिस तत्काल पहुंच गई। जिसके कारण आरोपी चोरी की इस वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके और उन्हें भागना पड़ा। बहरहाल इस पूरे मामले में नवागढ़ पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही है। आसपास के सीसी टीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

खोखरा शराब भट्ठी में चली एयर गन,तीन बदमाशों ने गार्ड को मारी गोली

जांजगीर- चांपा। जिले के खोखरा शराब भट्ठी में एयर गन चल गई। जहां तीन बदमाश आए और गार्ड को गोली मारकर 75 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । खोखरा शराब भट्ठी में तीन बदमाश आए और कैश कलेक्शन का बैग लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने गार्ड को गोली मारी और 75 लाख रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घायल गार्ड को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं मौके पर एसपी और पुलिस मौजूद हैं और मामले की जांच में जुट गए हैं।

हरप्रसाद बने नपं चुनाव के लिए पर्यवेक्षक

पामगढ़। राजनैतिक गलियारों में स्थानीय चुनाव की सुगबुगाहट आरक्षण प्रक्रिया संपन्न होने के बाद तेज हो गई है हालाँकि अभी तक आचार संहिता नही लगी है

लेकिन संभावित दावेदार अपनी अपनी तैयारी मी लग गये है इसी क्रम में राजनैतिक दल भी अपने अपने पार्टी के पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त कर उपयुक्त प्रत्याशी तलाशने लग गये है कांग्रेस पार्टी के पामगढ़ क्षेत्र के नेता हरप्रसाद साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ को अड़भार नगरपंचायत का पर्यवेक्षक बनाया गया है ज्ञात हो कि साहू पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदो पर कार्य कर चुके है वे कांग्रेस सरकार में श्रम कल्याण मंडल के सदस्य भी रह चुके है तथा पार्टी संगठन चुनाव में ब्लॉक चुनाव अधिकारी का भी दायित्व सम्हाल चुके है वे क्षेत्र में बहुत ही अनुभवी व तेज़तर्रार नेता माने जाते है पामगढ़ ब्लॉक के एक मात्र नेता है जिन्हें पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव में पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

कांग्रेस सेवादल ने किया गरीबों को कंबल वितरण

जांजगीर चांपा। जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा आज डोंगाघाट चांपा में गरीबों को कंबल का वितरण किया गया । ज्ञात हो कि हसदेव नदी चांपा में मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान दान किया जाता है। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस सेवादल जांजगीर चांपा द्वारा शहर अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता बबला के संयोजन में गरीबों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 10 बेसहारा गरीबों को कंबल प्रदान किया गया । उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष देवकुमार पाण्डेय , महासचिव सत्यप्रकाश सिंह मुन्ना , प्रकाश गुप्ता बबला व अन्य मौजूद रहे ।

ज्ञानोदय के विद्यार्थियों ने कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा

जांजगीर । ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर मे कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमे कक्षा नर्सरी से बारहवीं अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियो ने चल और अचल दोनो प्रकार के कला , विज्ञान , सामाजिक विज्ञान , गणित , क्राफ्ट और नवाचारो से संबंधित विभिन्न प्रादर्शो का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश गुदेव के निर्देशन मे हुआ । इस अवसर पर उन्होने सभी प्रतिभागियो को शुभकामनाए देते हुए कहा कि कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने का मकसद विद्यार्थियो मे विज्ञान विषय के प्रति रूचि पैदा करना होता है , इससे विद्यार्थियो मे प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है । वरिष्ठ शिक्षक मूलचन्द साव ने भी इस अवसर पर कहा कि आज विज्ञान का युग है, छात्र जीवन मे वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि , जागरूकता को विकसित करने मे विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है । प्रभारी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ और प्रिया कोसरे ने सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्रदर्शनी मे विभिन्न मॉडलो का अवलोकन करते हुए मूल्यांकन का कार्य ज्ञानोदय शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापक बसंत कुमार , मधु कमलेश, केशरी शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापक प्रमोद कुमार मार्बल, अंजली ध्रुव , केशरी फार्मेसी कालेज के गुलशन पटेल और पल्लवी कूर्रे ने किया । पालको , शिक्षक- शिक्षिकाओ , शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापको , स्कूल के छात्र- छात्राओ ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्र छात्राओ द्वारा बनाए गए मॉडलो की प्रशंसा करते हुए उत्साह बढाया। कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी मे कक्षा के जी वन के प्रिन्स कारके ने ज्ञानोदय स्कूल का मॉडल, स्नेहा पटेल राइस मिल , कौर्ती यादव हाउस , श्रृष्टि बरेठ हाउस ट्री , के जी टू के जीविका चौहान वाइल्ड एनिमल, परिधी धीवर वाइन्ड मिल, अनन्या राठौर फार्मिंग , पूर्वी यादव कूलर , हिमांशु यादव वाटर फिल्टर , आर्यन राठौर डे नाइट , कुसुम सूर्यवंशी स्कूल , पुष्पेन्द्र प्लांट हिन्दी माध्यम के कक्षा पहली के सौम्या लदेर मिट्टी के खिलौने , कक्षा दूसरी के भूमि राठौर घर , नेहा धीवर कुंआ ,

कक्षा तीसरी के गीतिका यादव और गौरव यादव वाटर फिल्टर , शिवांगी यादव और योगिता कश्यप घर , सिमरन सूर्यवंशी कूलर , अंश कारके ज्वालामुखी लावा , कक्षा चौथी के अंकित राठौर घर , डिकेश रोहिदास बैटरी से जलने वाला लाइट,कक्षा पांचवी के गौतम यादव , राघवेन्द्र यादव पवन चक्की , प्रतीक गुरनानी,लकी यादव सोलर पैनल , साक्षी, साधना , रोशनी , श्रुति बरेठ घर , भूमि लातिया,हिमांशी फेफड़ा , तोसिया देवांगन वायुमंडल, कक्षा छठवी के संस्कृति चौहान ज्वालामुखी , शिखा यादव श्वसन नली , ज्ञानदिव्य राठौर ए टी एम , अविनाश रिषभ , एकलव्य वाटर प्यूरीफायर, कक्षा सातवी के शुभम राठौर , अभिनव पवनचक्की , प्रन्स यादव , प्रियांश कारकेल चलित चन्द्रयान थ्री , कक्षा आठवी के भावना देवांगन, मयूरी गुरनानी, चित्रांशी यादव जल संरक्षण , युवराज , आयुष पाल ऊर्जा रूपांतरण ,कक्षा दसवीं के रेशमा कश्यप, याशिका देवांगन, साधना कौशिक, सोमी अली, तानिया रौतिया चलित चन्द्रयान थ्री ,कक्षा ग्यारहवीं के भूमिका राठौर ग्रीनहाउस , भावना यादव , जिया सूर्यवंशी, रूपा जल चक्र, लक्की साहू , सूरज , उमंग , तरूण देवांग,अंकूर राठौर टेसला क्वाइल ,कक्षा बारहवीं के नारायण रोहिदास, प्रवीण कारकेल वैक्यूम क्लीनर , भूमिका यादव, शुभलक्ष्मी निराला मानव शरीर , अपशा परवीन त्रिकोणमितीय उद्यान , इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम के क्लास वन के समर यादव पार्ट्स आफ प्लांट, तनुज हंससाज चन्द्र यान रॉकेट, अराधना यादव , दिव्या जगत हाउस, क्लास टू के चहक सूर्यवंशी, विजय लक्ष्मी चौरसिया स्वच्छ भारत, शिवांश कारकेल वाटर साइकल, अंकुश कुमार ए टी एम , कक्षा बी के अभय यादव कालोनी, अनन्या सूर्ने , चार्वी धीवर, सौम्या राठौर हाउस, मो आदिल खान माइक्रोस्कोप, आकांक्षा गढेवाल हास्पिटल, अराध्या निर्मलकर ए टी एम, जीविका श्रीवास रेस्पीरेटरी सिस्टम, क्लास फोर के विपिन प्रधान सोलर पैनल , संस्कृति कोसले , अंकित यादव, सन्नी, शिवम यादव आर्यन यादव वाइन्ड मिल , अंशी राठौर रिनेबल एनर्जी ,अर्नीका यादव वाटर फिल्टर , विधि ताम्रकार प्लेनेट क्लास फाइल के नीधि ताम्रकार, मुबारकसा, फातिमा , मोनिशा रौतिया शिवांगी यादव, हिना यादव सोलर सिस्टम, तौसिफ खान ,मो आहिल, तमन्ना यादव वोल्केनो , क्लास सिक्स के श्रृष्टि निराला, श्रेया कोसले, वैष्णवी राठौर चन्द्रयान थ्री , गौतम यादव ,कुनाल गढेवाल टेबल फैन , थावेश ठेठवार सोलर सिस्टम, क्लास सेवन के दिपांशी यादव, नाफिया बानो , इसीता यादव, श्रृष्टि कोसले सोलर सिस्टम , क्लास ऐट के प्रतीक देवांगन, हर्ष निराला , जान्हवी प्रधान, भावना यादव वाइन्ड मिल , कासिफ खान इलेक्ट्रिक लिफ्ट का आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने मे श्रीमती चंचला मिश्रा, मूलचन्द साव, पुष्पेन्द्र राजनाथ, प्रिया कोसरे , दामिनी कश्यप, विनोद बरेठ , किरण यादव, मीना यादव, सुमन यादव , सपना श्रीवास, प्रतिभा यादव , पूजा कटकवार, विजेता चौहान, संकुतला बरेठ ,राकेश पटारे, राहुल कौशिक , लखेश्वर खरे , सौरभ मिश्रा , मनहरण सूर्या, सुभाष खुटे , ज्योतिरादित्य सिंह , कृष्णा सूर्या, मनोज यादव , चन्द्रहासिनी राठौर , मधु यादव , उमा श्रीवास , शांतिका राठौर , प्रशांत टंडन , दीपक कश्यप , पालको , तथा छात्र छात्राओ का विशेष योगदान रहा ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फाइल/770/निर्माण (दर्री जोन)/20245/ कोरबा, दिनांक 10.01.2025

निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एफीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-मैनुअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -24.01.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -24.01.2025 सायंकाल 4:30 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि क्र. में
1.	वार्ड क्र. 43 अंतर्गत मेन रोड दर्री में दुर्गा पण्डाल में शेड निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास 2024) (चतुर्थ निविदा)	15,00,000/-	11,500/-

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी निम्नलिंक वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें// नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/135 Korba West, dtd. 10.01.2025
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1317/2024.

Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

S. No	RfS No.	Particulars	Cost of tender doc	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	RfS No. 8300041079	Supply of 150W LED Street Light fitting for main road and side road street lights of HTPS, Korba West.	590/-	10,770/-	03.02.2025
2.	RfS No. 8300041080	Supply of Mineral Insulated Thermocouples with mounting pad for measurement of S.H R.H. and plate S.H. metal temperature inside boilers in Unit No. 1 & 2, HTPS, Korba West.	590/-	11,630/-	03.02.2025
3.	RfS No. 8300041082	Supply of Gur (Jaggery) to the employees working in the dust prone areas of HTPS, Korba West.	590/-	7,410/-	03.02.2025

NOTE :-1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in -e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SUPERINTENDING ENGINEER (P-I)
O/o THE ADDL. CE (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
AN ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
5-427563

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-
क्र.355/अ.वि.अ./स्थायर्वन/2024
जांजगीर, दिनांक 27.12.24
एतद् द्वारा आम जनता बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीनाक्षी यादव पति रामकुमार यादव निवासी ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा ग्राम बनारी प.ह.नं. 09 तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं.1171/5 रकबा 0.130 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एश क्विस) हेतु ड.न.भू.रा.सहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एश क्विस) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी की आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 22.01.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27.12.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-
क्र.78/अ.वि.अ./स्थायर्वन/2024
जांजगीर, दिनांक 07.01.25
एतद् द्वारा आम जनता बनारी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीनाक्षी यादव पति रामकुमार यादव निवासी ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा ग्राम बनारी प.ह.नं. 09 तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं.1171/3, 1171/4 रकबा 0.96, 0.32 एकड़ कुल 1.28 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एश क्विस) हेतु ड.न.भू.रा.सहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एश क्विस) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी की आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 22.01.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07.01.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर

अनमोल वचन.....

स्वतन्त्रता के नियमों को स्वीकार करने के बाद ही आपको स्वतन्त्र कहलाने का अधिकार है।

पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।

चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा। साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है। असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है। भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोडऩे की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है। इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था। इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं। अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षो से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की जरूरत बताई। केंद्र सरकार को ऐसी चिंताओं पर तुरंत गौर करना चाहिए। अब चूंकि चीन से द्विपक्षीय वार्ता फिर शुरू हो चुकी है, इसलिए उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए। भारत सरकार के लिए उचित होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों के उपयुक्त प्रावधानों का उल्लेख इस सिलसिले में करे। संभव हो, तो बांग्लादेश को भी शामिल कर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।

राशिफल

मेष राशि: आज आपके लिए दिन पॉज़िटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुज़ुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा। आज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जनकल्याणकारी शामिल करने में भी समय बीतेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में मुनाफा दायक स्थिति बन रही है। आज किसी प्रोज़ेक्ट को लेकर ऑफिसियल यात्रा संभव है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा।

कर्क राशि: आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने शेष्ठ कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा।

सिंह राशि: आज का दिन कैपरेबल रहने वाला है। बिज़नेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है।

कन्या राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज आप अपने जीवन में किसी प्रकार का बड़ा निर्णय लेना चाहते हैं।

तुला राशि:आज आपका दिन बेहतरीन होगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द फायनी होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नज़र आ रहे हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप नितांत नहीं करेंगे। नये प्रोज़ेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

धनु राशि:आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां हल होंगी। आर्थिक स्थिति में मज़बूती आयेगी। इस राशि के लवमेट की मलतफहमियां हल होंगी।

मकर राशि:आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से यथाबट का धहसास होगा। रोमांस जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा, इससे मलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में खूबर बदलाव आयेगा। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अचानक धनलाभ होने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ में किसी बात को लेकर मीठी नोक-झोक होगी। पहले दिए हुए किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आज आपके फेवर में आएगा। आज घर के किसी महिला को बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि:आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। ज़मीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग मिलेगा।

आप के लिए चुनौतियां कठिन

- अवधेश कुमार -

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था। 2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टीयां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।

प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए।

केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। केजरीवाल के बोलने, लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है। भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है, और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकता है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले ही कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिन्दुत्व समर्थकों के बीच संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे। सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ में नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियों वाला है। भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं, उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। केजरीवाल के विरु द्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं, और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती हैं। उच्चतम न्यायालय ने जमानत में केजरीवाल के साथ शर्त लगाई हुई है कि वे मुख्यमंत्री रहें भी तो न सचिवालय जाएंगे, न कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे और न फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे।

कांग्रेस और भाजपा लोगों के समक्ष रख रही हैं कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम ही नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने आप सरकार को कट्टर बेईमानों की सरकार कहा तो इस बार दिखाने के लिए शराब नीति घोटाले से लेकर बिजली-पानी व्यवस्था, शिक्षा आदि में भ्रष्टाचार के आरोप और उनके प्रमाण हैं। शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में स्वयं केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और उनके साथी जेल जा चुके हैं, और जमानत पर बाहर हैं। आप का एक वर्ग महसूस कर रहा है कि ईमानदारी और शुचिता के वादे के विपरीत हमारे लोगों ने शराब नीति में भ्रष्टाचार किया है। दूसरे, आप सरकार के कार्यकाल में दिल्ली की सड़कें ध्वस्त हो चुकी हैं। दिल्ली के फुटओवर ब्रिज खतरे की ओर बढ़ रहे हैं, न किसी की 10 सालों में मरम्मत हुई और न पेंटिंग। ज्यादातर परिवारों में कुछ महीने पानी का बिल नहीं आता और एक बार इतना आता है जितना शायद 6 महीने, एक वर्ष में नहीं देते होंगे। ये सारी स्थितियां झेलने के बाद लोगों के अंदर असंतोष तो है। भाजपा ने इन मुद्दों को उठाया तथा प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिल्ली के लोगों के लिए इस सरकार को आप-दा बताना अपील कर रहा है। भाजपा के लिए आपदा सरकार नहीं सहेंगे बदल कर रहेंगे बदल कर रहेंगे' एक नया नारा भी मिल गया। कांग्रेस की स्थिति जो भी हो वह जितना वोट काटेगी आप को ही क्षति पहुंचाएगी। स्वाभाविक ही आप के लिए चुनौतियां कठिन हैं। ये चुनौतियां अरविंद केजरीवाल और आप के सामने पहले नहीं थीं।

सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

- मुरलीधर मोहोल -

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है, यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेसे डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

आगे की राहः एक सहकारी भविष्य

सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं। लेखक केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री हैं।

तस्वीरों की दुनिया

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अमृत स्नान के लिए धार्मिक जुलूस के दौरान नागा साधु संगम घाट की ओर बढ़ते हुए।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सांसद संजय सिंह के साथ नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

नई दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा.

भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के परिवीक्षार्थियों के एक समूह ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने आगामी राज्य चुनाव के लिए नई दिल्ली के ताजपत नगर स्थित सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया।

महाकुंभ मेला 2025 के दौरान मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं पर एक हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के पावन अवसर पर निरंजनी अखाड़े के एक साधु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान के दौरान पवित्र डुबकी लगाते हुए।

तेज हवाओं से और भड़की आग, लुटेरों के लिए बना स्वर्ग

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के लॉस एंजेलिस (एलए) की आग अमेरिका की सुपर पावर का इम्तिहान ले रही है। विश्व के सबसे ज्यादा संपन्न लोगों के शहर में आठ दिनों से लगी आग अमेरिका की सामर्थ्य पर सवाल खड़े कर रही है। अमेरिका पड़ोसी देशों-कनाडा और मेक्सिको की मदद लेने के बावजूद इस आग को बुझा नहीं पाया है।

लॉस एंजेलिस इलाके में सोमवार रात से हवा एक बार फिर तेज होने लगी, मंगलवार देर शाम तक इसके 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेने की आशंका है। इससे आग का फैलना तय माना जा रहा है। लेकिन प्रशासन भी हाई अलर्ट पर है।आठ दिनों से आग बुझाने की भरसक कोशिश में जुटीं लॉस एंजेलिस शहर की अग्निशमन सेवा की प्रमुख क्रिस्टीन क्रोली कहती हैं कि अभी और कितना नुकसान होगा इसका अंदाजा नहीं है।वैसे प्रशासन ने शुष्क हवाओं वाले कैलिफोर्निया के अन्य नजदीकी शहरों को भी आग के खतरे से सतर्क कर दिया है। जंगल में लगी आग ने सात जनवरी को सबसे पहले पैलिसेड्स को अपनी गिरफ्त में लिया, वहां पर आठवां दिन गुजरने के बावजूद आग नहीं बुझ सकी है। पैलिसेड्स और ईटन में आग ने सर्वाधिक नुकसान किया है। इन्हीं दोनों इलाकों में 24 लोग मारे गए हैं और 12 लापता है।पैलिसेड्स के 23,713 एकड़ इलाके में आग ने तबाही मचाई है। यहां लगी महज 14 प्रतिशत आग ही बुझ सकी है। जबकि ईटन के 14,117 एकड़

इलाके को आग ने जला रही है। इसमें से 33 प्रतिशत इलाके में ही आग बुझ सकी है।तीसरे स्थान पर लगी आग ने 799 एकड़ भूभाग के प्रभावित किया है लेकिन वह 95 प्रतिशत तक बुझ गई है। बाकी तीन स्थानों पर लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया है। जो लोग नुकसान के शिकार हुए हैं उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है।बर्बाद हुए घर के आगे खड़े हुए तमाम लोग अपने बहुमूल्य सामान को लेकर भी चिंतित हैं। उन्हें लग रहा है कि दशकों के संजोए संसाधनों को शायद वे अब कभी प्राप्त नहीं कर पाएंगे। सरकारी मदद को लेकर भी उन्हें संदेह है।बीमा कंपनियों के रुख को लेकर भी लोगों में शंका है। आग को नए इलाकों में फैलने की आशंका से प्रशासन लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश दे रहा है। ताजा आदेश में 92 हजार और लोगों को घर छोड़ने के लिए कहा गया है।कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने कहा है कि लॉस एंजेलिस की आग अमेरिका के इतिहास की सबसे विनाशकारी दैवी आपदा हो सकती है। अगर बीमित वस्तुओं के हुए नुकसान का ही आकलन किया जाए तो यह सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाली आग की श्रेणी में आ चुकी है।लॉस एंजिलिस इलाके में आग भड़काने के मामलों में 10 लोगों को और चोरी-लूटमार के मामलों में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कैलिफोर्निया से सीनेट के सदस्य एडम स्किफ ने कहा है कि लॉस एंजेलिस लुटेरों के लिए स्वर्ग बन गया है, इस पर रोक लगाई जानी चाहिए।पता चला है कि निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेने के तत्काल बाद लास एंजेलिस का दौरा करने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप आग से निपटने के उपायों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त कर चुके हैं और उन्होंने इसके लिए कैलिफोर्निया के डेमोक्रेट गवर्नर न्यूसम को बर्बादी के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

दून अस्पताल में ड्यूटी के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मी की मौत

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीकाकरण केंद्र में तैनात एएनएम की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को करीब डेढ़ बजे वह अचानक बेहोश होने लगी और मुंह से खून आने लगा। इमरजेंसी प्रभारी एवं डीएमएस डॉ. एनएस बिष्ट ने बताया कि उन्हें दो दिन से खांसी में काला खून आने की शिकायत थी। एक दिन पहले छुट्टी ली थी। अब एक सप्ताह की छुट्टी लेने वाली थी। निधन की सूचना पर उनके स्वजन अस्पताल पहुंचे। मौत हार्ट अटैक या गंभीर निमोनिया से होने की आशंका है। टाइफाइड बुखार के दौरान मिश्रित संक्रमण से निमोनिया हो सकता है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। इस दौरान अस्पताल का स्टाफ भी बड़ी संख्या में वहां इकट्ठा हो गया और स्वजन को सांत्वना दी।

भारतीय नौसेना में शामिल हुए त्रिदेव, थर-थर कांपेंगे दुश्मन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में तीन नौसैनिक युद्धपोतों - आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाग्शीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को बयान में बताया कि महाराष्ट्र दौरे में एक अन्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे।आईएनएस सूरत, पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा युद्धपोत है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे बेहतर विध्वंसकों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।आईएनएस नीलगिरी 17 स्टेल्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला युद्धपोत है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। इसे समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टेल्थ क्षमता के साथ नौसेना में शामिल किया गया है।आईएनएस वाग्शीर नौसेना के समुद्री बेड़े में इजाफा करने के लिए जहाज-पनडुब्बी निर्माण की चल रही परियोजना पी-75 के तहत निर्मित छठी स्कॉर्पीन पनडुब्बी है।वाग्शीर बहुआयामी मिशनों जैसे एंटी-सरफेस वारफेयर, एंटी-सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाना, एरिया सर्विलांस आदि में सक्षम है। वाग्शीर हिंद महासागर में पाए जाने वाली एक मछली होती है। वाग्शीर बेहतरीन स्टेल्थ विशेषताओं जैसे ऊत्रत ध्वनिक अवशोषण तकनीक, कम विकिरण शोर स्तर, हाइड्रो-डायनामिक अनुकूलित आकार और स्टीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है।

ब्रैड पिट ने की विदेशी महिला से सात करोड़ की ठगी इंस्टाग्राम पर बात करते-करते खाली कर दिया बैंक अकाउंट

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ब्रैड पिट की तस्वीरों और नाम का इस्तेमाल करके साइबर अपराधी ने एक फ्रांसीसी महिला एन्ने से आठ लाख यूरो (7.12 करोड़ रुपये) ठग लिए। इंस्टाग्राम के जरिये पहले मीठी-मीठी बातों से उसने एन्ने को भरोसे में लिया।खुद को अस्पताल में भर्ती बताते हुए उसने बताया कि एंजेलिना जॉली से तलाक के मामले के कारण अपना बैंक खाता नहीं चला पा रहा है और इलाज के लिए पैसों की जरूरत है। एन्ने (53) ने एक न्यूज चैनल टीएफ1 को इसकी जानकारी दी।एन्ने के अनुसार, उसे ब्रैड पिट की मां जेन एड्रा पिट के नाम से बने एक इंस्टाग्राम अकाउंट से मैसेज मिला। अगले दिन उसके पास स्वयं को ब्रैड पिट बताने वाले एक अकाउंट से मैसेज मिला और दोनों में बातचीत शुरू हो गई। जल्द ही दोनों के बीच दोस्ती हो गई।एक करोड़पति की पत्नी एन्ने का पारिवारिक जीवन अच्छा नहीं चल रहा था और पिट से उसे खूबसूरत कविताएं और प्रेम संदेश मिलने लगे। उसे पिट के साथ दूरी भरे प्रेम संबंधों का यकीन हो गया।एन्ने ने बताया, ऐसे बहुत ही कम आदमी होते हैं, जो ऐसी बातें लिखें। मुझे वह आदमी पसंद था क्योंकि वह महिलाओं से कैसे बात की जाती है, यह जानता था। हालांकि, पिट कभी कॉल नहीं उठाता, लेकिन एआइ से बने वीडियो और तस्वीरें भेजता था, ताकि प्यार जाहिर कर सके।

अब फ्री में छत पर लगवा सकेंगे सोलर पैनल, केंद्र ने बनाया ये जबदस्त प्लान

नई दिल्ली। छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े दो और वित्तीय मॉडल लॉन्च किए हैं। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) और उपयोगिता-आधारित एकत्रीकरण माडल शामिल हैं। दोनों ही मॉडल की खास बात यह है कि इनमें उपभोक्ता को अपनी छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराने के लिए कोई पैसा नहीं देना होगा।आरईएससीओ मॉडल के तहत थर्ड पार्टी उपभोक्ताओं की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करेंगी। इसके तहत थर्ड पार्टी कंपनियां सौर ऊर्जा संयंत्र से बनाई गई बिजली के लिए उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करेंगी। उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण मॉडल के तहत डिस्काम (बिजली वितरण कंपनियां) या राज्य द्वारा नामित संस्थाएं आवासीय क्षेत्र में छतों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेंगी। उपभोक्ताओं को केवल सौर ऊर्जा संयंत्र से प्राप्त बिजली के इस्तेमाल के लिए भुगतान करना होगा।आरईएससीओ मॉडल में किए गए निवेश को जोखिम मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 100 करोड़ रुपये का कोष बनाया है। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि ये

दिशानिर्देश राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं द्वारा किए जाने वाले कार्यान्वयन के मौजूदा तरीके (कैपेक्स मोड) के अतिरिक्त घरों को 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान करती है, जिससे अक्षय ऊर्जा अधिक सस्ती और सुलभ हो जाती है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लक्ष्य मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। फरवरी, 2024 में 75,021 करोड़ रुपये के आवंटित बजट के साथ इस योजना की शुरुआत की गई थी। मुख्य मांग 3-5 किलोवाट लोड सेगमेंट से आई, जिसमें 77 प्रतिशत इंस्टालेशन थे। जबकि 14 प्रतिशत इंस्टालेशन पांच किलोवाट से अधिक सेगमेंट में थे।गुजरात में सबसे अधिक इंस्टॉलेशन हुए, उसके बाद महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और केरल का स्थान रहा। पिछले महीने सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1.45 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह योजना

कंगाल पाकिस्तान हो गया मालामाल! 32 हजार किलो सोना मिलने का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सोने का विशाल भंडार मिलने का दावा किया गया है। प्रांतीय सरकार ने इसका मूल्य 700 अरब पाकिस्तानी रुपया बताया है। पंजाब के खदान और खनिज मंत्री सरदार शेर अली गोरचानी ने बताया कि हमने प्रांत के अटक जिले में 28 लाख तोला सोने का भंडार खोज निकाला है। इसके लिए पाकिस्तान भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने पिछले वर्ष अध्ययन शुरू किया था।बांग्लादेश में शेख हसीना की अगुआई वाली सरकार के पतन के बाद पाकिस्तान की इस देश के साथ नजदीकियां बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में दोनों देशों ने मंगलवार को अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। यह घटनाक्रम ऐसे समय हो रहा, जब भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तनाव गहराता जा रहा है।बांग्लादेश के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी (पीएसओ) लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमर-उल-हसन की पाकिस्तान यात्रा के दौरान यह कदम उठाया गया। उन्होंने रावलपिंडी स्थित सेना के मुख्यालय में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से मुलाकात की। सेना के बयान के अनुसार, दोनों ने क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ ही द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने बैठक के दौरान दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के संयुक्त प्रयासों का उल्लेख किया। इसके लेफ्टिनेंट जनरल कमर-उल-हसन ने पाकिस्तानी सेना के अन्य अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। सेना ने बताया कि दोनों पक्षों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया और अपनी साझेदारी को किसी बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

शेख हसीना की भतीजी ने ब्रिटेन सरकार में मंत्री पद से दिया इस्तीफा

लंदन। बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने मंगलवार को ट्रेजरी मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले दिनों बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद युनुस ने शेख हसीना के साथ लिंक और उनकी संपत्तियों को लेकर सवाल उठाया था जिसके बाद से ट्यूलिप सिद्दीक काफी दबाव में थीं।बांग्लादेश सरकार ने भी सिद्दीक के अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना के शासन से संबंधों के बारे में गंभीर चिंता जताई और भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ जांच की मांग की थी। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस ने कहा था कि ट्यूलिप को दी गई संपत्तियां बांग्लादेश की पूर्व सरकार की ओर अवैध रूप से उपहार दी होंगी।वहीं, ट्यूलिप सिद्दीक के पद से इस्तीफा देने के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मंगलवार को सांसद एम्मा रेनोल्ड्स को ट्रेजरी मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

अयोध्या से सीधे जा पाएंगे हनुमान के जन्मस्थान श्रीराम जन्मभूमि से अंजनाद्रि तक रेल लाइन का प्रस्ताव

कोप्पल (कर्नाटक)। रेल राज्य मंत्री वी.सोमन्ना का कहना है कि केंद्र सरकार भगवान हनुमान के जन्मस्थान अंजनाद्री से भगवान राम की अयोध्या को सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। कर्नाटक सरकार का भी कहना है कि अंजनाद्री पर्वत को एक तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और यहां एक केंद्र स्थापित कर श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।कोप्पल जिले के कुस्तगी में एक रेलवे ब्रिज का उद्घाटन करने के दौरान मंगलवार को केंद्रीय मंत्री सोमन्ना ने घोषणा की कि उन्हें अंजनाद्री और अयोध्या को एक सीधी रेल लाइन से जोड़ने का प्रस्ताव मिला है। वह इस प्रस्ताव को परख रहे हैं। इन दोनों तीर्थस्थलों के बीच रेल लाइन बिछाने पर विचार किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि

अंजनाद्री पर्वत हनुमान जी की जन्मस्थली है और वह प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल हम्पी के नजदीक स्थित है। अंजनाद्री सात पर्वतों की एक श्रृंखला है जिसकी एक चोटी पर हनुमान जी का एक मंदिर स्थित है। उस मंदिर में उनकी पत्थर की एक प्रतिमा स्थापित है। यहां पर भगवान राम और माता सीता का भी एक मंदिर है। हनुमान जी की माता अंजनि का भी एक मंदिर स्थित है। पुराणों में इस स्थान का नाम किष्किंधा बताया गया है।केंद्रीय मंत्री सोमन्ना ने बताया कि कोप्पल जिले में विकास के कई प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। कोप्पल, मुनीराबाद और गंगावटी रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए फंड जारी किए जा चुके हैं। इसी तरह कर्नाटक सरकार ने 13 करोड़ रुपये जारी किए हैं और शेष धनराशि केंद्र सरकार की ओर से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत परियोजना के तहत कर्नाटक में 61 रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। गडग-वाडी रेलवे लेन जल्द ही पूरा हो जाएगा।

चीन का ट्रेड सरप्लस लगभग एक ट्रिलियन डॉलर पहुंचा जापान-अमेरिका जैसी निर्यात महाशक्तियों आगे निकला ड्रैगन

बीजिंग। दुनिया को विभिन्न वस्तुएं निर्यात करने वाले चीन का ट्रेड सरप्लस लगभग एक ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। अगर इस दौरान बढ़ी हुई मुद्रास्फीति को भी समायोजित कर दें तो पिछले साल चीन का ट्रेड सरप्लस पिछली शताब्दी में दुनिया के किसी भी देश के व्यापार अधिशेष से कहीं अधिक था। यहां तक की जर्मनी, जापान और अमेरिका जैसी निर्यात महाशक्तियों से भी अधिक है।दरअसल, वर्तमान में चीनी कारखाने वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग पर हावी हैं। कमोवेश यही स्थिति द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई सालों तक अमेरिका की रही। मैन्यूफैक्चरिंग में चीन के एकाधिकार को देखते हुए अब विभिन्न देशों में आवाज उठने लगी है और वह वहां के सामान पर शुल्क लगाने लगे हैं।इसी तरह की कार्रवाई चीन ने भी उन देशों के खिलाफ की है। इससे दुनियाभर में ट्रेड वार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2023 में चीन का ट्रेड सरप्लस 990 अरब डॉलर रहा जबकि 2022 में यह आंकड़ा 838 अरब डॉलर था। दिसंबर, 2024 में चीन के निर्यात में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार शुल्क लगाने की

चेतावनी से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच चीन के कारखानों ने ऑर्डरों को पूरा करने में तेजी दिखाई है, जिससे देश के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर 2024 में इसमें करीब सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था।इस अकेले एक महीने के दौरान ट्रेड सरप्लस सबसे अधिक 104.80 अरब डॉलर रहा। मैन्यूफैक्चरिंग वस्तुओं में ट्रेड सरप्लस चीन की अर्थव्यवस्था का 10 प्रतिशत था। कई देश मैन्यूफैक्चरिंग वस्तुओं में ट्रेड सरप्लस चाहते हैं, क्योंकि कारखाने ना केवल रोजगार पैदा करते हैं बल्कि यह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण होते हैं।मैन्यूफैक्चरिंग में चीन के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह कारों के आयात से आगे बढ़कर जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा कार निर्यातक बन गया है।

बालाजी के दर्शन करने राजस्थान गए देहरादून के एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

देहरादून। राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने गए एक ही परिवार के चार सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चारों के शव धर्मशाला के कमरे में मिले हैं। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि रायपुर स्थित चकतुनवाला निवासी एक ही परिवार के चार लोग सुरेंद्र कुमार, उनकी पत्नी, बेटा नितिन कुमार और बेटी नीलम राजस्थान के दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने गए थे। वह करौली जिले में स्थित एक धर्मशाला में रुके हुए थे। मंगलवार को पुलिस को धर्मशाला के कमरे में शव मिलने की जानकारी मिली। एसपी सिटी ने बताया कि उनके घर पर ताला लगा हुआ है। मृतक का एक भाई मोहकमपुर में रहता है।

जब मैं 1978 में मुख्यमंत्री था तब वो... अमित शाह के दफन वाले बयान पर आया शरद पवार का जवाब

मुंबई। राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मैं 1978 में मुख्यमंत्री था। मुझे नहीं पता कि तब वह कहां थे। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मेरे मंत्रालय में जनसंघ से उत्तमराव पाटिल जैसे लोग थे। गृह मंत्री पद की मर्यादा को बनाए रखी जानी चाहिए।इससे पहले अमित शाह ने रविवार को शिर्डी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में शरद पवार द्वारा शुरू की गई अस्थिरता और पीठ में छुरा घोंपने की राजनीति को समाप्त कर दिया है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऐसी राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है। पवार का बयान इसी संदर्भ में आया है। उन्होंने मुंबई में मीडिया के समक्ष कहा कि पहले राजनीतिक नेताओं के बीच अच्छा संवाद हुआ करता था, लेकिन, अब ऐसा नहीं है।पवार ने कहा कि इस देश ने कई अच्छे गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी उनके राज्य से बाहर नहीं निकाला गया था। जब वह गुजरात में नहीं रह सके तो मदद के लिए बालासाहेब ठाकरे के पास गए।शिवसेना सांसद संजय राउत द्वारा महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले जाने की घोषणा के बाद विपक्षी एमवीए गठबंधन के भविष्य को लेकर पूछे जाने पर पवार ने कहा कि महत्वपूर्ण

मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अगले 10 दिनों में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं के साथ बातचीत होगी।उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन की पेशकश की। राजग को समर्थन देने की अटकलों पर कहा कि मेरी पार्टी का एक भी सांसद भाजपा के साथ नहीं जाना चाहता।

टाइम पर सैलरी, इंश्योरेंस और सुरक्षा की गारंटी, सरकार ने राज्यों को दिए कई बड़े निर्देश

नई दिल्ली। श्रम मंत्रालय ने सभी राज्यों से आग्रह किया है कि वे अपने श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य, बीमा और दुर्घटना लाभ जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, कल्याण बोर्डों के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी साधनों के उपयोग पर भी जोर दिया गया है।यह महत्वपूर्ण विचार सोमवार को केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में हुई 16वीं भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) निगरानी समिति की बैठक में सामने आया।

ज्यादा मोबाइल देखने वालों के लिए बड़ी खबर, तुरंत बदलें ये आदत, वरना कार्डियोवैस्कुलर का खतरा

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन दिख जाता है. यूं तो ये बहुत काम की चीज है लेकिन कुछ लोग इसे बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. अगर आप भी इनमें से एक हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. अगर आपको भी ज्यादा फोन चलाने या देखने की आदत है तो इसे तुरंत बदल लीजिए. नहीं तो इससे आपको एक-दो नहीं बल्कि कई तरह की घातक और जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं. एक स्टडी के मुताबिक मोबाइल कॉल्स से हार्ड डिजीज बढ़ सकता है. इतना ही नहीं कैनेडियन जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक ज्यादा मोबाइल यूज करने वालों में 21 प्रतिशत तक कार्डियोवैस्कुलर का खतरा ज्यादा होता है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने पर क्या होता है?

रिसर्च में बताया कि एक दिन में 5 मिनट से 29 मिनट तक फोन चलाने वालों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 3 पर्सेंट का रहता है.

आधे घंटे फोन चलाने पर ये होता है खतरा

एक दिन में 30 मिनट से 59 मिनट तक,

स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 7ब परसेंट तक रहता है.

अगर 1 से 3 घंटे फोन चलाए तो क्या होगा ?

1-3 घंटे तक मोबाइल चलाने वालों के बीच में कार्डियोवैस्कुलर का जोखिम 13 परसेंट का रहता है.

4-6 घंटे फोन चलाने पर खतरा

अगर कोई 4-6 घंटे तक मोबाइल चलाता है तो उसमें कार्डियोवैस्कुलर का खतरा 15 पर्सेंट तक रहता है. वहीं 6 घंटे से ज्यादा फोन चलाने वालों को यह खतरा 21 पर्सेंट तक रहता है.

ज्यादा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के नुकसान

नींद से जुड़ी समस्याएं

मानसिक तनाव का बढ़ना

आत्मविश्वास की कमी

कंप्यूटर विजन सिंड्रोम

रीढ़ की हड्डी पर गंभीर असर

स्किन से जुड़ी समस्याएं

ज्यादा फोन चलाने से सेहत को क्या होता है नुकसान?

जो व्यक्ति ज्यादा एक्टिव नहीं रहते हैं और ज्यादा वक्त स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं उन्हें हार्ट और स्ट्रोक का खतरा का काफी ज्यादा बढ़ जाता है. वजन और प्रेशर कंट्रोल में भी रहे लेकिन हार्ट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा रहता है. उन्हें गंभीर इकोकार्डियोग्राफी बीमारी होती है. कम उम्र में मोटापा और टाइप-2 डायबिटीज हो सकती है. न्यूरोडीजेनेरेटिव की बीमारी और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा रहता है.

पैरों में दर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट ने बताई 5 वजह

बहुत सारे लोग अक्सर पैरों में दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं. किसी को तलवे में तो किसी को पूरे पैर में दर्द रहता है. लोग अक्सर ये समझ नहीं पाते हैं कि पैरों में दर्द क्यों होता है? कई लोगों को खराब फिटिंग या ऊंची एड़ी वाले जूते पहनने से पैर में दर्द रहता है. तो किसी को मांसपेशियों के कमजोर होने की वजह से पैर दर्द रहता है. कुछ लोगों का वजन ज्यादा होता है उनके पैर में अक्सर दर्द करते हैं. वहीं कुछ लोगों की नौकरी ऐसी होती है जिसमें उन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है, उनके भी पैर अक्सर दर्द करते रहते हैं. शुगर और यूरिक एसिड बढ़ने पर भी एड़िया दर्द करती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट ने पैरों में दर्द होने की 5 वजह बताई हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

इन 5 कारणों से आपके पैरों में होता है दर्द

विटामिन बी12 और विटामिन डी की कमी

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि जिन लोगों के शरीर में विटामिन ड्ड12 और विटामिन डी की कमी होती है, उनके पैर अक्सर दर्द करते हैं. क्योंकि इन विटामिन्स की कमी होने के कारण नसों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है.

लगातार दर्द होने पर करें ये काम

अगर आपके पैरों में भी लगातार दर्द और है ऐंठन महसूस होती है तो आपको विटामिन बी12 और डी के स्तर को चेक कराना चाहिए. डॉक्टर के सुझाव पर आपको सप्लीमेंट्स और फूड्स को डाइट का हिस्सा बनना चाहिए

बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज

जो लोग लंबे समय तक एक्सरसाइज नहीं करते हैं और अचानक से एक दिन उठकर बहुत ज्यादा एक्सरसाइज कर लेते हैं. उनके भी पैरों में दर्द हो सकता है. इसलिए अचानक से बहुत ज्यादा इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज ना करें. पहले धीरे-धीरे शुरुआत करें फिर इसे बढ़ाएं.

मिनरल्स की कमी के कारण

जिन लोगों के शरीर में मिनरल्स की कमी होती है उनमें भी पैर दर्द की समस्या रहती है. आयरन की

कमी के चलते रक्त संचार में रुकावट आती है. मैग्नीशियम और जिंक की कमी के चलते मसल्स में खिंचाव और दर्द होता है.

पानी की कमी के कारण

पानी की कमी के कारण भी पैर दर्द करते हैं. डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी के कारण भी पैरों में दर्द हो सकता है. पानी की कमी के कारण रक्त संचार में रुकावट आती है, जो पैरों में दर्द का कारण बन सकता है. इसलिए दिन भर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है.

नसों से जुड़ी समस्या

जिन लोगों को सायटिका की समस्या होती है उनके भी पैर दर्द करते रहते हैं. यह एक नसों से जुड़ी समस्या है जो पैरों में तीव्र दर्द का कारण बनती है,अगर आपको दर्द महसूस हो तो नसों के डॉक्टर से जरूर दिखाएं.

सोशल मीडिया सेंसेशन केट शर्मा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज, पिंक ड्रेस में गिराई बिजली

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से अक्सर फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनके सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

केट शर्मा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वो आए दिन अपनी स्टनिंग और हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं।

टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर केट शर्मा ने हाल ही में नई ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में केट शर्मा ने पिंक कलर का सैटिन ड्रेस पहना है, जो उनके स्टाइलिश और सेंसुअस लुक को और भी आकर्षक बना रहा है. उन्होंने अपनी तस्वीरों को फ्लैट शूज़ के साथ पेयर किया है और एक हल्की सी ब्रैसलेट भी पहनी हुई है. उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ाता है. केट के बाल सॉफ्ट वेव्स में हैं, जो उनकी लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं.केट शर्मा इन तस्वीरों में आराम से बैठी हुई हैं और उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है।

शादी से पहले चाहती हैं बेदाग और निखरी त्वचा? इस स्वस्थ पेय का करें सेवन

शादी का दिन हर महिला के जीवन का सबसे खास दिन होता है, जिस पर वे सुंदर दिखना चाहती हैं।

हालांकि, बदलते मौसम, तनाव और गलत खान-पान के चलते दुल्हन की त्वचा अस्वस्थ हो सकती है और चेहरे की रोनक कम जाती है।

ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि शादी वाले दिन आपकी त्वचा निहरी हुई नजर आए, तो इस स्वस्थ पेय का सेवन करें।

शादी के टिप्स में इस पेय की रेसिपी और लाभ जानते हैं।

जानिए कैसे बनता है यह स्वस्थ पेय

इस पेय की रेसिपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और इसे बनाना भी आसान है। इसके लिए आपको एक कप चुकंदर, एक कप अनार दानें, एक कप खीरा, एक कप पुदीने के पत्ते, नींबू और 2 कप पानी की जरूरत पड़ेगी।

सब्जियों को टुकड़ों में काट लें और सभी सामग्रियों को जग में डाल दें। इसे रातभर रखा रहने दें और सुबह उठकर इसका सेवन करें।

आप इसे दिनभर एक डिटॉक्स पेय की तरह पी सकती हैं।

त्वचा होती है हाइड्रेट

अगर आप त्वचा को निखरा हुआ बनाना चाहती हैं तो उसे हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप इस पेय को डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

इसके सेवन से त्वचा कोशिकाओं को नमी मिलेगी और कोलेजन और इलास्टिन जैसे प्रोटीन की संख्या बढ़ेगी।

इस पेय के जरिए आप शुष्क और रूखी त्वचा की समस्या से भी निजात पा सकेंगी और त्वचा का रूखापन भी बंद हो जाएगा।

शादी से पहले दूल्हे इस तरह रखें त्वचा का ख्याल।

बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम

कई महिलाओं की त्वचा पर समय से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या का शिकार हो गई हैं तो शादी से पहले चुकंदर और खीरे वाले पेय का सेवन जरूर करें।

इस पेय में एंटी-एजिंग प्रभाव होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को मिटाने में मदद कर सकते हैं।

इसके नियमित सेवन से चेहरे पर नजर आने वाली महीन रेखाएं भी दूर होने लगती हैं और समान रंगत मिलती है।

त्वचा की सूजन होती है कम

सूजन के कारण त्वचा अस्वस्थ हो जाती है और चेहरा बड़ा दिखने लगता है। इसके कारण कई महिलाओं के चेहरे पर मुंहासे भी निकलने लगते हैं।

हालांकि, इस पेय के जरिए सूजन को आसानी से कम किया जा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला चुकंदर अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है, जिससे लालपन भी कम हो सकता है।

यही प्रभाव खीरे में भी पाए जाते हैं, जिसके जरिए हाइड्रेशन भी बढ़ता है।

मिलता है प्राकृतिक निखार

शादी की तैयारी के कारण तनाव होना आम बात है, लेकिन इसके चलते दुल्हन की त्वचा की चमक कहीं खो जाती है।

अगर आप रोजाना इस पेय का सेवन



करेंगी, तो आपकी त्वचा का खोया हुआ निखार लौट आएगा। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स, मिनरल और विटामिंस मौजूद होते हैं, जो त्वचा को अंदरूनी तौर पर पोषण देने का काम करते हैं।

इसके सेवन से काले घेरे भी दूर हो सकते हैं और धूप की क्षति से भी सुरक्षा मिल सकती है।

बॉक्स ऑफिस पर फतेह की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त

अभिनेता सोनू सूद इन दिनों फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है, वहीं इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन भी ठीक-ठाक किया है।

हालांकि, दूसरे दिन फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली और अब फतेह की कमाई के तीसरे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली। फिल्म ने पहले रविवार को कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.60 करोड़ रुपये हो गया है।फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी: सिमरन कौर

जमाई नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है।शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए।उन्होंने बताया कि ऑन-स्क्रीन फिट दिखने के लिए मैं अपने शरीर और बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हूं और इसके लिए पिलेट्स से बेहतर क्या हो सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में मैं इसके महत्व को समझती हूं।उन्होंने आगे कहा, मेरी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भूमिका को और भी खास बनाती है और इसी के साथ मैं शो में एक मजबूत बॉस गर्ल के किरदार को निभा पाती हूं।पिछले महीने सिमरन ने साल 2024 में अपने सफर के बारे में बताया था।उन्होंने कहा था, जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, वह है अपने काम पर फोकस करना और चुनौतीपूर्ण समय में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना। भगवान का शुक्र है कि कोई बड़ी बाधा नहीं आई और सब कुछ एक के बाद एक होता गया।उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 उनके लिए एक अच्छा साल रहा है और उम्मीद जताई कि 2025 पिछले साल से भी बेहतर होगा।उन्होंने कहा, साल 2024 में मैंने कई तरह की चीजें हासिल कीं। मैंने दंगल पर आए शो 'तोसे नैना मिलाइके' किया, जो सुपरहिट रहा और लगभग 500 एपिसोड पूरे किए।

क्या पौधों पर आधारित डाइट से आती है कमजोरी, जानें इस मिथक की सच्चाई

पौधों पर आधारित डाइट को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं, जिनमें से एक यह है कि यह डाइट कमजोरी का कारण बनती है।

पौधों पर आधारित डाइट में फल, सब्जियां, अनाज और दालें शामिल होती हैं, जो पोषण के अच्छे स्रोत होते हैं। इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई को समझने की कोशिश करेंगे।

आइए जानते हैं कि कैसे यह डाइट आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती है और इसके क्या प्रभाव होते हैं।

पौधे आधारित डाइट के जरिए मिलते हैं सभी पोषक तत्व

पौधे आधारित डाइट में विटामिन, खनिज और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। फल और सब्जियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा, अनाज और दालें प्रोटीन का अच्छा स्रोत होती हैं, जो मांसपेशियों के विकास के लिए अहम होते हैं।

सही संतुलन बनाए रखने से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती, बल्कि ऊर्जा बनी रहती है।

क्या इस डाइट में होती है

प्रोटीन की कमी?

अक्सर कहा जाता है कि पौधे आधारित डाइट से पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता, लेकिन यह सच नहीं है। दालें, चने और टोफू और टेम्पेह जैसे सोया उत्पाद प्रोटीन के अच्छे स्रोत होते हैं।

इनका नियमित सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल सकता है, जिससे मांसपेशियां मजबूत रहती हैं और कमजोरी महसूस नहीं होती।

सही संयोजन बनाकर खाने से सभी आवश्यक अमीनो एसिड भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं।

क्या इस डाइट से कम हो जाती है ऊर्जा?

पौधे आधारित डाइट अपनाने वाले लोग अक्सर ऊर्जा कम होने की शिकायत करते हैं, लेकिन इसका कारण गलत खान-पान होता है न कि खुद आहार प्रणाली।

सही समय पर भोजन करना और संतुलित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स लेना ऊर्जा स्तर बनाए रखने में मदद करता है।

ब्राउन राइस या ओट्स जैसे साबुत अनाज खाने से लंबे समय तक ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आप दिनभर सक्रिय रह सकते हैं और बिना थकावट महसूस किए काम कर सकते हैं।

इस डाइट का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव

शोध बताते रहे हैं कि पौधे आधारित डाइट मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। फल और सब्जियों का सेवन करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर बनता है।

इसके अलावा, इस की डाइट अपनाने से नींद भी अच्छी आती है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों पर असर डालती है।

जब आप इस तरह की डाइट लेकर अच्छा महसूस करते हैं, तो आपकी कार्यक्षमता भी बढ़ जाती है और आप ज्यादा ऊर्जावान रहते हैं।

शब्द सामर्थ्य - 297

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

1		■	2	■	3		4	
	■	5			■	■		■
6				■	7	8		9
			■	10			■	
■	11				■	12		
13		■	■	14	14ए		■	■
	■	15				■	16	■
	■		■		■	17		18
■	19			■	20			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 296 का हल

खा	म	खां	■	■	इं	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ढ़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	दीं	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

लाखों की लागत के कई पार्क अधूरे,बिना निविदा के कराए गए थे निर्माण कार्य

नगर पालिका शिवपुर चर्चा की मनमानी

चरचा कालरी। नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में लाखों की लागत के कई ऐसे निर्माण कार्य हैं जो वर्षों से लंबित अधूरे पड़े हुए हैं अधूरे निर्माण कार्य के क्रम में पालिका क्षेत्र में कई पार्क हैं जो अधूरे होने के साथ ही रख रखाव के अभाव में बदतर होते जा रहे हैं लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के कुछ महीना पहले तत्कालीन पालिका प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव में विकास कार्यों की उपलब्धि बताने हेतु चर्चा कालरी के मुख्य मार्ग के बगल में सुभाष नगर चौक से लेकर राजीव गांधी चौक तक कई पार्क निर्माण कार्य प्रारंभिक किए गए उस समय ऐसा लग रहा था की राज्य शासन द्वारा चरचा कालरी में सिर्फ और सिर्फ पार्कों का ही निर्माण की अनुमति दी गई है ।

इसे देखकर ही जानता वोटिंग करेगी क्षेत्र में समग्र विकास का दावा करने वाले निकाय के तत्कालीन जनप्रतिनिधि व इंजीनियर के द्वारा उपलब्धि बताने के क्रम में पार्क में खड़े होकर कई फोटो भी खिंचवा गए किंतु विधानसभा चुनाव के एक महीना पूर्व से निर्माण कार्य बंद कर दिया गया जो आज दिवस तक बंद पड़ा है इस दौरान नगर पालिका के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यस्थल पर यह देखने नहीं गए की वहां क्या स्थिति है इन जगहों पर सीमेंट से पशु पक्षियों की मूर्ति बनाई गई थी कई जगह से टूट गई, पार्क में कचरा का ढेर लग गया है।

तत्कालीन जनप्रतिनिधि भी यह नहीं कहते कि निर्माण कार्य क्यों अधूरा है प्राप्त जानकारी के अनुसार निकाय में तत्कालीन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी को उम्मीद नहीं थी कि सत्ता परिवर्तन हो सकता है और बिना निविदा के ही ठेकेदार को आश्वासन दिया गया कि आप पार्क का निर्माण कींजिए बाद में टेंडर कर हम आपका पेमेंट कर देंगे किंतु उम्मीद के विपरीत प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया और अब संबंधित ठेकेदार के लाखों रुपए के भुगतान अटक गए है।

निकाय में अब भाजपा की सत्ता है उनके द्वारा वैधानिक रूप से निविदा के तहत आमंत्रित निर्माण कार्य ही किए जाएंगे ऐसी स्थिति में अधूरे पार्क नहीं बन पाएंगे पालिका क्षेत्र वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अधूरे पार्क का निर्माण कर क्षेत्र को सुंदर व सुसज्जित बनाया जाए ।

निकाय के निविदा के तहत आमंत्रित कार्यों को अति शीघ्र पूरा किया जाएगा जिनकी निविदा नहीं है उसके प्रति भुगतान की जिम्मेदारी हमारी नहीं है पालिका के पूर्व कार्यकाल में कई निर्माण कार्य बिना निविदा के कराए गए हैं उसके लिए तत्कालीन प्रशासन जिम्मेदार है

अरुण जायसवाल
अध्यक्ष नगर पालिकाशिवपुर चर्चा

चन्द्र प्रकाश को मिली कोईर समाज कोरिया के अध्यक्ष की जिम्मेदारी

पटना। कोईर (कुशवाहा) समाज कोरिया के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। ग्राम सावांरावां के कुशवाहा सामुदायिक भवन में कोईर (कुशवाहा) समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों मने शपथ ली। इस दौरान कोरिया जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश कुशवाहाा नयुक्तर् कए गए। वहीं उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद कुशवाहा चुने गए।

संचिव दयाशंकर कुशवाहा, सह सचिव सुरेश कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार कुशवाहा, संरक्षक रामनारायण कुशवाहा, शीतला प्रसाद कुशवाहा, सलाहकार सदस्य जगदीश प्रसाद, रामदयाल, जय प्रकाश, जयराम, कमला प्रसाद, शिवनारायण, सुदामा प्रसाद, रामनाथ, चन्द्र प्रताप, शिवचरण, राधेश्याम, प्रेमशंकर, राधेलाल। क्षेत्राध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण अमहर, शिववदन छिंदिया, कान्त प्रसाद करजी, बृजेन्द्र लाल सावांरावां, नरेन्द्र प्रसाद बहेरापारा, सतीश कुमार गिरजापुर, सुरेन्द्र प्रसाद सोंगा बनाए गए। इस दौरान संभागाध्यक्ष सुखदेव मुनी, उपाध्यक्ष सम्पति कुशवाहा व संभागीय सचिव देईराम कुशवाहा ने इन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

पीएम स्वनिधि योजना से छोटे व्यवसायी को मिल रहा लोन

चिरमिरी। केंद्र सरकार की ओर से छोटे व्यवसायियों को उनके कारोबार और सजकता से ऋण प्रदान करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में भी रहने वाले हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन फुटकर दुकानदारों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन में हुए नुकसान एवं व्यवसाय को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य प्रारंभ की गई। रेहड़ी वाले छोटे मझौली व्यवसायियों चाट, फुल्की की सब्जी एवं फल की दुकान, नाई, पंचर बनाने का काम करने वाले व्यवसायों के लिए वरदान साबित हो रही है।

योजना के तहत नगर पालिक निगम चिरमिरी के पोंडी निवासी विकास गुप्ता ने नवंबर 2023 में पीएम स्वनिधि से बिना सिक्युरिटी 10 हजार का बैंक ऋण प्राप्त किया। विकास गुप्ता चाट-फुल्की का व्यवसाय करते थे। पीएम स्वनिधि योजना से सहायता प्राप्त होने के बाद अपने व्यवसाय को बढ़ते हुए एग्रोल सेंटर का व्यवसाय चालू किया। इसी प्रकार हल्दीबाड़ी निवासी विमला देवी अग्रहरि अपने परिवार के साथ चाट-फुल्की का व्यवसाय करती हैं।

विमला ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत नवंबर 2020 में 10 हजार का ऋण प्राप्त कर अपने व्यवसाय को बढ़ाया। इससे प्राप्त आमदनी से अपने ऋण को चुका कर मई 2020 में 20 हजार इसके पश्चात जुलाई 2023 में 50 हजार का बैंक से वित्तीय सहायता ऋण के रूप में प्राप्त कर अपने व्यवसाय को बढ़ाया। विमला ने बताया कि यह योजना हमारे परिवार के लिए वरदान साबित हुई। हमने इस योजना से लाभ प्राप्त कर अपने व्यवसाय को बढ़ाया और व्यवसाय से प्राप्त होने वाले आय से हमने स्वयं का एक घर भी बना लिया है। इस योजना के तहत नगर पालिक निगम चिरमिरी में लगभग 2 हजार शहरी पथ विक्रेताओं के आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए हैं।

बिलासपुर में फिर बढ़ी ठंड, 3 डिग्री गिरा तापमान

बिलासपुर। बिलासपुर में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। वहीं, मंगलवार को अचानक से ठंड से बढ़ गई। 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री लुढ़क गया। इसके चलते रात में ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। शाम से ही हवा की गति में तेजी महसूस हुई।

सट्टा पर छापा, मुख्य सटोरिया सुधीर गुप्ता पुलिस हिरासत में

सरगुजा। सरगुजा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा के बड़े गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के फरार सरगना सटोरिया सुधीर गुप्ता को बीती रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के ऑफिस से 15 बैंकों की पासबुक, एटीएम, चेकबुक बरामद किया था। सिर्फ एक बैंक से 15 करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजैक्शन होना पाया गया है।

एसपी योगेश पटेल ने कहा कि मामला महादेव सट्टा ऐप से जुड़ा हो सकता है। मुख्य आरोपी के पकड़े जाने के बाद कई खुलासे होंगे। सट्टे की रकम 100 करोड़ रुपए तक होने की आशंका है।

सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने बताया कि पुलिस ने ऑक्कापुर सीएसपी रोहित शाह की टीम ने सटोरिया सुधीर गुप्ता के घर में छापा मारा था, जहां ऑस्ट्रेलिया क्लब मैच में सट्टा लगवाते तीन युवक पकड़े गए। मौके से 1.54 लाख रुपए नकद, 73 मोबाइल फोन जब्त किया था।

15 बैंकों में खाते, करोड़ों का ट्रांजैक्शन

एसपी योगेश पटेल ने बताया कि मौके से 234 एटीएम कार्ड, सिम 77 नग, चेकबुक 78 नग, पासबुक 81 नग, बार कोड स्कैनर 08 नग सहित मूल आधार कार्ड 13 नग के साथ पेन काड और आधार कार्ड की फोटोकॉपी मिली है। ऑनलाइन सट्टा-पट्टी का बही खाता भी बरामद किया है। आरोपियों द्वारा 15 बैंकों में खाता खुलवाकर उनका संचालन किया जा रहा था। अब तक बैंक ऑफ महाराष्ट्रा ने 30 खातों में 15 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन होने की जानकारी दी है। अन्य बैंकों से जानकारी मांगी गई है। इनमें एक्सिस, एचडीएफसी, पीएनबी, आईडीएफसी, यूको, केनरा बैंक सहित निजी और सरकारी बैंक शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में खाते खोलकर लेन-देन किया गया है। एसपी योगेश पटेल ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि उक्त सटोरिये महादेव सट्टा एप से जुड़े थे। जांच में हवाला के जरिए भी राशि ट्रांसफर करने की जानकारी मिली है।

मुख्य सटोरिया सुधीर गुप्ता के घर में ऑफिस बनाकर टीवी सेटअप लगाकर ऑस्ट्रेलिया क्लब क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगवा रहा था। ये सटोरिये लंबे समय से सट्टा चला रहे थे। आईपीएल मैच के दौरान बड़े पैमाने पर सट्टा लगाए गए।

ये हुए हैं गिरफ्तार

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की (27) निवासी बिलासपुर चौक, अंबिकापुर, श्रीकांत अग्रवाल (46) निवासी महामाया रोड, राहुल कुमार सोनी (23) निवासी चांदनी चौक अंबिकापुर शामिल हैं। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी सुधीर गुप्ता भाग निकला था, जो अब पुलिस गिरफ्त में है।

एसपी ने बताया कि सट्टा लगाने वालों के द्वारा 20 हजार रुपए जमा करने पर उन्हें लॉग-इन आईडी और पासवर्ड दिया जाता था। इसके माध्यम से वे एप खोलकर लॉग-इन करते थे और पैसे लगाते थे। मुनाफे की रकम बैंक से ट्रांसफर की जाती थी। WIN BUZZ पोर्टल पर भी ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा था।

सुधीर कुमार गुप्ता ने 4 व्हाट्सएप ग्रुप बनाए है, जिसमें सैकड़ों लोग जुड़े हैं। उनकी जानकारी एकत्र की जा रही है। आरोपियों द्वारा पैसा ऑनलाइन विभिन्न खातों में डलवाया जाता था। आरोपी फोन-पे, गूगल-पे, पेटीएम का उपयोग कर लेन-देन करते थे।

पुलिस ने एक युवक अर्जुन गुप्ता (20) निवासी शिकारी रोड को भी गिरफ्तार किया है।

OBC आरक्षण में कटौती पर कांग्रेस का हल्ला बोल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में ह्लद्बष्ट आरक्षण में हुई कटौती के विरोध में आज सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहले प्रदेश में 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में 25 फीसदी सीटें ह्लद्बष्ट के लिए आरक्षित होती थी। लेकिन अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी का आरक्षण लगभग खत्म हो गया है।

बैज के मुताबिक, प्रदेश की भाजपा सरकार ने साजिश कर ह्लद्बष्ट आरक्षण में कटौती की है। जिला और जनपद पंचायतों में ह्लद्बष्ट का आरक्षण ही खत्म कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ में 50 फीसदी ह्लद्बष्ट आरक्षण के बावजूद जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए एक भी पद ह्लद्बष्ट को नहीं मिला। प्रदेश में नगरीय निकायों के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण तय किए गए हैं।

रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार अनारक्षित हो गया है। वहीं, धमतरी, महासमुंद, कबीरधाम, मुंगेली, में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष पदों का आरक्षण भी अनारक्षित हुआ है। प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष की एक भी सीट OBC आरक्षित नहीं हुई है।

90 फीसदी ह्लद्बष्ट आबादी के बाद भी आरक्षण नहीं मिला

कांग्रेस का आरोप है कि मैदानी इलाकों में कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं। जहां 90 फीसदी से ज्यादा लोग ह्लद्बष्ट वर्ग से आते हैं। सरपंच पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के हिसाब से बेहद कम है। पहले जो सीटें ह्लद्बष्ट के लिए आरक्षित थी अब वो सामान्य हो गई है।

समाज के सर्वांगीण उन्नति का आधार है शिक्षा:देवेन्द्र तिवारी

रविदास समाज द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी का भव्य स्वागत किया

कोरिया बैकुंठपुर। संत रविदास भवन परिसर ग्राम खाड़ा-खोड़री में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी का स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ मे महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया।

समाज की उन्नति का मुख्य आधार शिक्षा ही है शिक्षा के माध्यम से हम अपने जीवन को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।रविदास समाज जन- कल्याण जिला-कोरिया सरगुजा संभाग (छ.ग.) द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्य का समाज में व्यापक असर पड़ रहा है, पदाधिकारीगण का समाज की उन्नति के लिए किए जा रहे कार्य अत्यंत ही सराहनीय है। उक्ताशय के विचार भाजपा नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने रविदास समाज जन-कल्याण के द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बात रखते हुए संगठन के पदाधिकारीगण द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक उत्थान के लिए जो रहे कार्यों की सराहना की। श्री तिवारी ने सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों से परिचय प्राप्त करते हुए विगत वर्षों में संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी भी प्राप्त की।रविदास समाज जन-कल्याण सरगुजा संभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री अशोक लाल कुर्रे

द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संगठन के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला उन्होंने श्री तिवारी का अभिनंदन किया जाने के कारण का जिक्र करते हुए उनके सर्व समाज के लिए किए गए कार्यों,शिक्षक रहते हुए विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। संभागीय अध्यक्ष श्री कुर्रे ने समाज में एक जुटता एवं सद्भाव स्थापित करते हुए शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सामाजिक पदाधिकारीगण की प्रशंसा की।

संत रविदास जी के मार्गों पर चलते हुए समाज के सांस्कृतिक उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया। समाज के प्रांतीय सचिव श्री नरेंद्र चंचल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और उन्होंने देवेंद्र तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर वर्ग को साथ में लेकर चलने का आह्वान किया। समाज के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष डी. एल. भास्कर ने युवाओं को आगे बढ़ चढ़कर समाज के लिए बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। समाज के युवा अध्यक्ष राजमन रवि ने भी सभा को संबोधित कर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन श्री संजय कुर्रे द्वारा किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में राज्य गीत की प्रस्तुति समाज की महिला प्रकोष्ठ की संभागीय अध्यक्ष विमला सोनवानी द्वारा राज्यकीय गीत प्रस्तुति के माध्यम से शुरू किया गया था। श्री तिवारी के अभिनंदन समारोह में संत रविदास समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। श्री तिवारी ने समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम में शामिल होने को अपना सौभाग्य बताया और आने वाले समय में पूरे समर्पण के साथ सेवा एवं सहयोग का वचन भी दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से- राजेन्द्र सोलंकी, अवधेश कुर्रे,दिलराज रवि,अनिल खटिक,गोरेलाल अहिरवार, धर्मजीत सोनवानी, प्रीतम लाल सोनवानी, सविता सोलंकी, देवशरण रवि, बाबूलाल रवि, शिवनाथ सोनवानी ,गुड्डा सोनवानी, इन्द्रकुमार चौधरी, राहुल चौधरी, रामकृपाल रवि, अवधलाल अटल,राजलाल भास्कर,संजय कुमार(चरचा), अशोक बंजारे,रामलाल सोनवानी, अंकित सोनवानी, केशव सोनवानी, धर्मपाल कुर्रे , राजेश कुर्रे, माया सोनवानी, अक्षत सोनवानी, मनोज सोनवानी, गायत्री सोनवानी, उजित राम सोनवानी,रमेश कुमार रवि ,राजेश कुर्रे (चरचा), मुकेश सोनवानी, नीखे कुर्रे, देवनाराण कुर्रे, जगदीप चंचल, लक्की चंचल, ललन सोनवानी, अशोक टूण्डे, धर्मप्रकाश सोनवानी, अशोक सोनवानी, नानबाबा सोनवानी, अरूण कुमार कुर्रे, रोशन कुर्रे, राजेश्वर सोनवानी, दुर्गेश सोनवानी, विराजो बाई, सोनू सोनवानी, राजा सोनवानी, जयकरण राम, निर्मल सोनवानी, प्रदीप सोनवानी, राजेश सोनवानी, दीपक सोनवानी, दीलिप सोनवानी के साथ- साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहें ।

जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने में करें त्वरित कार्यवाही :कलेक्टर

कोरिया बैकुंठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि सभी जिला अधिकारी को अपने कार्यालय परिसर की सफाई के दिए शक्त निर्देश। जिला अधिकारी बेवजह कार्यकाल से बाहर न जाएं सूचना देकर ही बाहर जाएं साथ ही लोगों द्वारा किए गए आवेदनों के जल्द से जल्द निपटारा करने को कहा।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से जाति-निवास प्रमाण पत्र के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रो में आये वाले बच्चों को प्रमाण पत्र समय पर देने एवं दस्तावेज की कमी होने पर उनके पालको से सम्पर्क कर प्रमाण पत्र बनाने के साथआंगनबाडियों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जन्म प्रमाण पत्र में लाए तेजी

जन्म प्रमाण पत्र में तेजी लाए ताकि आधार कार्ड बनाने से संबंधित समस्या दूर हो। रिव्यू करके पूरे फोकस के साथ अपना प्रोग्रेस रिपोर्ट डाले, संबंधित विभाग को निर्देशित किया।

जल-जीवन मिशन को तेजी से करें पूर्ण

जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप समय पर कार्य करने हेतु कड़े निर्देश दिये है। ताकि गर्मी में पानी की समस्या न हो।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में नही रहने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वे मुख्यालय में नियमित रूप से रहें साथ ही समय पर कार्यालय पहुंचे ताकि आम लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना न पड़ें। समय सीमा बैठक में कलेक्टर में वाटर कंजर्वेशन को ध्यान में रख सभी सरकारी भवनों को वाटर हार्वेस्टिन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

जिले में विश्वकर्मा योजना 8965 लक्ष्य को लेकर चल रहे है अब तक 12604 आवेदन रजिस्टर हुए है जिसमें 10793 ग्राम पंचायतों द्वारा अनुमोदित किए गए है जिसमें से जिला स्तरीय समिति द्वारा 10606 राज्य को भेजा गया है जिसमें से 1812 स्वीकृत हुए है।

प्रकृति सौन्दर्य से भरपूर कोरिया जिले को स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी है, जिले के टूरिज्म प्लेस को स्वच्छ करने और उसके सुरक्षा के लिए फारेस्ट और पुलिस विभाग को दी जिम्मेदारी। गौरघाट, रामघाट और झुमका बोट के स्वच्छता के लिए वहां डस्टबीन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ हि संबंधित सभी जिला अधिकारियों को 26 जनवरी की तैयारी शुरू करने के दिए निर्देश।

आज जनदर्शन में विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर 20 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन दी। सभी आवेदनों को तत्काल सम्बंधित अधिकारियों परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के लिए प्रेषित किए।

लड़की चला रही थी कार, टक्कर से महिला की मौत

रायपुर। रायपुर के भगत सिंह चौक में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसके बाद ई-रिक्शा एक पैदल चल रही महिला के ऊपर पलट गया। इस हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। लोगों ने बताया कि, कार कोई लड़की चला रही थी। हादसा CCTV में भी कैद हुआ है।

घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने बताया कि, घायल महिला 20 मिनट तक सड़क पर तड़पती रही। इस दौरान एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन मदद नहीं मिली। बाद में एक कार चालक की मदद से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया था।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि, कार जिधर जा रही थी उधर सिग्नल खुला था लेकिन बंद होने ही वाला था। कार आगे निकल ही रही थी कि, रेड सिग्नल जंप कर आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गई।

20 मिनट तक महिला सड़क पर पड़ी रही, कोई नहीं रुका

मौके पर पहुंचे एक युवक ने बताया कि, एक्सीडेंट के बाद 20 मिनट तक महिला सड़क पर ही पड़ी रही। पुलिस और एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई सहायता नहीं मिली। किसी तरह एक कार चालक ने मदद की लेकिन महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

परिचय सम्मेलन की हुई समीक्षा

कोरबा। बरेठ समाज की बैठक पोड़ीबाहर भवन में आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष विलाप राम कर्ष ने अपने विचार रखें। युवक युवती परिचय सम्मेलन की समीक्षा की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यो की प्रशंसा भी की गई। बैठक में प्रदीप सोनसर्वा , गिरधारी बरेठ , प्रवीण रजक, मोहन कर्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

दो मंडलों में बैठक का आयोजन कल

कोरबा। भाजपा के द्वारा कल दो अलग अलग मंडलो में बैठक होगी। सर्वमंगला नगर मंडल के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा नगरी निकाय चुनाव में वार्डो से दावेदारीकर रहे लोगों के नाम दिए जाएंगे इस बैठक में माधव जायसवाल, भीम चौहान, बॉबी गबेल, विनोद राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। बालको नगर मंडल में भी कल बैठक होगी। अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव के द्वारा जोरदार तैयारी की जा रही है। बैठक में दावेदारों का नाम लेते हुए सूची बनाई जाएगी। इस बैठक में वरिष्ठ नेता संजय पाण्डेय, सत्येन्द्र दूबे, प्रीति स्वर्णकार सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

जीएम शाखा में सक्रियता बढ़ी

कोरबा। श्रमिक संगठनों के द्वारा सभी ईकाईयों में सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। जीएम शाखा व मानिकपुर में भी कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है। जीएम शाखा एसईकेएमसी के नवीन सिंह , शैलेश मसीह , मनोज कटेरिया कल से अभियान की शुरूआत करेंगे। जबकि मानिकपुर में किशोर सिन्हा ,भागवत सिंह , प्रमोद बनर्जी की नजरें इस बार अधिक सदस्य बढ़ाने को है। जबकि इधर एसकेएमएस ने सुभाष सिंह कार्यवाहक बनें है तो कोयला कामगारों की उम्मीद और बढ़ गई है। इस बार अशोक लोद , ए.केक.झा और अधिक मेहनत करेंगे। मानिकपुर में एचएमएस के छतराम मिरी चंद राम भी अपनी पूरी ताकत लगाएगें। माना जा रहा है कि इस बार एचएमएस की सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। जीएम शाखा में एरिया अध्यक्ष अनूप सरकार ,नारायण, प्रवीण रजक कोयला कामगारों ने घरो तक पहुंच रहे है। और उन्हें संगठन में जोड़ने का प्रयास कर रहे।

ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयला आपूर्ति पर दबाव, रेलवे जीएम ने देखी साइडिंग

कोरबा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के नवपदस्थ महाप्रबंधक तरूण प्रकाश का पहली बार कोरबा आगमन हुआ। अनेक अधिकारियों की टीम उनके साथ यहां पहुंची थी। उन्होंने एसईसीएल गेवरारोड स्थित अपनी कोल साइडिंग का जायजा लने`के दौरान स्थानीय स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों को देखा। प्राथमिकता के हिसाब से काम करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए।

पूर्व जीएम नीतू इटिएरा के पिछले महीने सेवानिवृत्त होने के बाद रेल मंत्रालय ने जोन में तरूण प्रकाश को नया महाप्रबंधक नियुक्त किया। पदस्थापना के साथ में अपने क्षेत्राधिकार को समझने और उक्तानुसार कार्यों को बढ़ाने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में महाप्रबंधक का कोरबा दौरा हुआ। विशेष सैलून से वरिष्ठ अधिकारी कोरबा आने के साथ सबसे पहले गेवरारोड पहुंचे। उन्होंने अपनी कोल साइडिंग का विजिट अधिकारियों के साथ किया। कुसमुंडा इलाके से बड़ी मात्रा में कोयला का परिवहन रेलवे के द्वारा किया जा रहा है। आसपास में और भी साइडिंग

निर्माणाधीन हैं जबकि अन्य से काम जारी है। देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए कोयला की उपलब्धता कराने का दबाव कोल इंडिया पर है। परिवहन संबंधी व्यवस्था के लिए उसने रेलवे वसे करार किया है। निर्बाध रूप से यह काम चलता रहे इसके लिए समन्वय बनाया जा रहा है। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोल साइडिंग का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से आवश्यक मंत्रणा की और जनकारी भी हासिल की। साइडिंग के अवलोकन के साथ यहां से संबंधित मुद्दों की जानकारी उन्होंने प्राप्त की। बिलासपुर रवाना होने से पूर्व महाप्रबंधक कोरबा पहुंचकर यहां अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत चल रहे सौंदर्यीकरण, फुटओवर ब्रिज, प्लेटफार्म शेड विस्तार सहित कई कार्यों को भी देखेंगे। बताया गया कि सभी कार्यों की गुणवत्ता और यात्री हित में सहूलियत को लेकर भी उनका फोकस होना स्वाभाविक है।

विशेष तैयारी की गई स्टेशन में

अधिकारी के प्रवास को देखते हुए स्थानीय स्टेशन में चकाचक व्यवस्था की गई ताकि सबकुछ बेहतर दिखे। विभिन्न प्रकार से कार्यों के कारण कई तरफ अव्यवस्था भी मौजूद है और यह अधिकारी को लगातार अवगत कराया जा रहा है। खबर के अनुसार रेल संघर्ष समिति की ओर से महाप्रबंधक को उनके प्रवास के अंतर्गत बड़ी संख्या में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई सेकेंड एंट्री की तरफ आने वाले मुख्य मार्ग की दुर्दशा को ठीक कराने भी ध्यानाकर्षण कराया जाना है। काफी समय से इसे लेकर शिकायतें बनी हुई हैं। बार-बार जानकारी देने पर भी न तो रेल प्रबंधन कुछ कर रहा है और न ही एसईसीएल।

गेरांव पहुंचा हाथियों का दल वन विभाग ने कराई मुनादी

कोरबा। 25 हाथियों का दल कोरबा वन परिक्षेत्र के गेरांव जंगल पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के बीती रात अचानक वहां धमकने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया, वहीं वन अमला भी सतर्क हो गया है। हाथियों के क्षेत्र में आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकार व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों की निगरानी करने के साथ ही गेरांव व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया। डिप्टी रेंजर केशरवानी ने बताया कि हाथियों ने फिलहाल कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए अमला काफी सतर्क है। वर्तमान में हाथियों का दल स्योरमार जंगल के कक्ष क्रमांक 1028 में है। जिनकी निगरानी अमले द्वारा लगातार की जा रही है। हाथियों का दल रात्रि में यहां पहुंचा है। इससे पहले यह दल कुदमुरा वन परिक्षेत्र के चचिया जंगल में विचरण कर रहा था। हाथियों ने आगे बढ़ने से पूर्व यहां उत्पात मचाते हुए यहां दो ग्रामीणों के बाड़ी में लगे सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर करतला रेंज में भी आधा दर्जन हाथियों की उपस्थिति लंबे समय से बनी हुई है। हाथियों का यह दल पीडिया क्षेत्र में सक्रिय था लेकिन चार दिनों पूर्व केराकछार के जंगल में पहुंचकर डेरा डाल दिया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों का दल दिन भर जंगल में विश्राम करने के बाद रात में सक्रिय होता है और जंगल ही जंगल विचरण करते रहता है।

ट्रैक्टर की टक्कर से एक मृत

कोरबा। कोरबा जिलान्तर्गत करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बोतली में छेरछेरा पर्व की खुशियां एक घटित हादसे के चलते मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो मित्रो को टक्कर मार दी, जिसमें 24 वर्षीय युवक अनु सिंह राठिया नामक युवक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो जाना, जबकि उसके साथी का गंभीर घायल होना बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार अनु और उसका दोस्त छेरछेरा पर्व के लिए चिकन और राशन लेने निकले थे। वे अपनी खुशियों के रंग में त्यौहार की तैयारियों में जुटे थे, लेकिन रास्ते में एक ट्रैक्टर की टक्कर ने उनकी जिंदगी में अंधेरा ला दिया। बताया जा रहा हैं की कुछ दिन पहले ही अनु सिंह राठिया की सगाई हुई थी और अगले महीने शादी तय थी। परिवार के लिए यह घटना किसी वज्रपात से कम नहीं है। अनु परिवार का सहारा था।

मानिकपुर युवा क्रिकेट क्लब द्वारा मनोरंजन क्लब वार्ड क्रमांक 33 में सिक्सीट बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह केंद्रीय अध्यक्ष इंटक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 14 टीमें भाग ले रहीं हैं। विजेता को 15 हजार रुपए नगद व शील्ड इनाम दिया जाएगा।

रेलवे मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

कोरबा। न्यू रेलवे कॉलोनी स्थित खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से शुरू हो रहा है। कोरबा परिसर के अंतर्गत आने वाले रेलवे एम्पलाइज इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

पिछले कई वर्षों से इस प्रकार की प्रतियोगिता गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में न्यू रेलवे कॉलोनी में कराई जा रही है। क्षेत्रीय रेल प्रबंधक के नेतृत्व में इसका आयोजन इस बार भी हो रहा है। बताया गया कि कोरबा, गेवरा रोड, उरगा, सर्गबुंदिया, कोठारी रोड़ सहित कोरबा परिसर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की टीमों को इस आयोजन में अपना प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। आयोजन करने वालों ने 17 से शुरू होकर क्रिकेट प्रतियोगिता 26 जनवरी को पूर्ण होगी और इस दिन फाइनल मैच खेला जाएगा। गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण के साथ दोपहर बाद इस परिसर में बच्चों और महिलाओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी और क्रिकेट सहित सभी कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। रेल प्रबंधन की ओर से कर्मचारी कल्याण के अंतर्गत इस प्रकार की गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है और इसके माध्यम से उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर ध्यान दिया जा रहा है।

दीपक प्रज्जवलित कर संकल्प यात्रा को किया याद

कोरबा। मुडापार स्तिथि संकट मोचन हनुमान मंदिर में संकल्प पदयात्रा का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। समिति के सदस्य राजेश सिंह राजपूत ने बातया आज ही के दिन संकट मोचन हनुमान मंदिर के सदस्यों ने कोरबा जिले से अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने थे। यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर समिति के सदस्यों के द्वारा संकल्प पदयात्रा वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर महाआरती की गईं हनुमान मंदिर से राम जानकी मंदिर तक जय श्री राम के जयकारों क्रे साथ रैली निकालकर सड़कों पर हजारों दीप प्रज्वलित किए गए समिति क्रे द्वारा भोग भंडारे का आयोजन किया गया था।

मोरगा में प्रशासन के शिविर से जनता को मिला लाभ

कोरबा। कोरबा जिले के पौड़ी उपरोड़ा विकासखंड और बांगो थाना के ग्राम मोरगा में बुधवार को जन समस्या निवारण दिवस का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने यहां पर स्टाल लगाने के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लोगों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास भी किया गया। सरकार के द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है अपने आसपास में लगातार इस प्रकार की कोशिश करें जिससे कि लोगों को सामान्य समस्याओं के निराकरण के मामले में तहसील और जिले में स्थित कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े। इसे ध्यान में रखते हुए आज मोरगा में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। चौकी क्षेत्र से संबंधित गांव के लोगों की उपस्थिति इस शिविर में हुई। चौकी प्रभारी ने बताया कि शिविर का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों ने दिलचस्पी ली।

भाजपा प्रभारी आलोक सिंह कल लेंगे बैठक

कोरबा। भाजपा नेता डा. आलोक सिंह को नगरीनिकाय चुनाव में छुरी नगर पंचायत का प्रभारी बनाया गया है। उनके द्वारा कल छुरी पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। छुरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षित किया गया है। यहां पर भाजपा की पदमिनी देवांगन, निर्मला देवांगन, कुल बाई, जानकी यादव, जयकिशोरी साहू के नाम सामने आए है। इधर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई । उन्होंने 15 वार्डों में दावेदारी कर रहे कार्यकर्ताओं के नाम लिए सूची बनाने के बाद डा. आलोक सिंह को सौंपा जाऐगा । इस बैठक में हीरानंद पजवानी, पीथम देवांगन , देवेन्द्र देवांगन, जयवर्धन सिंह, महेन्द्र राजपूत, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कटघोरा में नगरपालिका चुनाव के लिए हर्षिता पाण्डेय को प्रभारी बनाया गया है। उनके द्वारा 17 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएंगी। बैठक को सफल बनाने के लिए धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, डाकेश्वर शुक्ला ,सुनील खाण्डे, शमजीत सिंह, विवेक मारकण्डे, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी, जय गर्ग के द्वारा तैयारी की जा रही है।

भागवत कथा आज से

कोरबा। शारदा विहार शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आज से किया जा रहा है। दोपहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। यहां पर पं. लोकेश शास्त्री कथा वाचन करेंगे। आयोजकों ने नागरिकों से इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है।

बल और दांव लगाकर प्रतिद्वंदी को किया चित्त

कोरबा। पूर्वांचल विकास समिति के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष में कोरबा में राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न प्रदेश से वास्ता रखने वाले पहलवान इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिन्होंने अपने दांव पेंच दिखाकर दर्शकों को खुश कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल छत्तीसगढ़ के श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने आयोजन की प्रशंसा की और पूर्वांचल विकास समिति के प्रांगण के विकास के लिए आगामी समय में राशि देने की घोषणा की।

कोरबा के रिकार्डो रोड पर स्थित पूर्वांचल समाज के सामुदायिक भवन परिसर में मकर संक्रांति पर दंगल प्रतियोगिता रखी गई। काफी समय से इसके लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा था जिससे अच्छी संख्या में पहलवानों ने एंट्री ली और दर्शक भी अपेक्षित संख्या में पहुंचे। हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के साथ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अगली कड़ी में समिति के पदाधिकारी का स्वागत सत्कार कार्यकर्ताओं की ओर से किया गया। आज के इस आयोजन में पहलवानों की जोड़ियां ने अपना प्रदर्शन दिखाते हुए साबित किया की सफलता



कैसे मिलती है। श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने पूर्वांचल विकास समिति की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की प्रशंसा की। उन्होंने समिति की ओर से विकास कार्यों के लिए रखी गई मांग को स्वीकृत करने के साथ बताया कि अगले वित्त वर्ष के शुरुआती दौर में यह राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

पूर्वांचल विकास समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर वंचित वर्ग के साथ सक्षम वर्ग अपनी खुशियों को किस प्रकार से बनता है यह एक उदाहरण है। उन्होंने पूर्वांचल विकास समिति के सामाजिक सरोकारों को लेकर भी अपने विचार रखें। पूर्वांचल विकास समिति की ओर से आयोजित दंगल प्रतियोगिता में पूर्व महापौर जोगेश लांबा, नरेंद्र पाटनवार, समिति के संरक्षक डॉक्टर राजीव सिंह, अध्यक्ष आर ए पांडे, कमलेश यादव, बी.एन.सिंह, ओमप्रकाश यादव, इंजीनियर अशोक सिंह, सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों को किया गया सम्मानित

कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का जैसे स्वच्छता रैली, तालाब एवं सार्वजनिक क्षेत्र की सफाई, नालियों की सफाई, गैर शासकीय कार्यालयों एवं व्यवसायिक क्षेत्रों की सफाई, चौक-चौराहों की सफाई कर सेल्फी जोन लगाया गया एवं एसएलआरएम सेंटर में कबाड़ से जुगाड़/ट्रिपल आर रिड्यूस रियूस सिद्धांत पर कलाकृति सजावटी वस्तु एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का निर्माण स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर कार्यालय परिसर में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

शाकंभरी जयंती पर सब्जी वितरण

कोरबा। मरार पटेल समाज ने अधिष्ठात्री देवी शाकंभरी को उनके अवतरण दिवस पर कटघोरा जुराली में याद किया। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर बताया गया कि बागवानी संबंधी कार्यो में शाकंभरी देवी की विशेष भूमिका होती है इसलिए उनके उपकार के प्रति इस प्रकार कार्य वर्ष में एक बार करने की परंपरा है। सभी क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किए गए। कटघोरा में समाज की ओर से लगभग 2000 किलो सब्जी का वितरण लोगों को किया गया। इसमें कई वेरायटी शामिल की गई। यह सुविधा पाकर लोग खुश नजर आए।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com